# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 03 ■ अम्बिकापुर, शनिवार 20 दिसम्बर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com







# सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड के बीच मैनपाट का तापमान 2 डिग्री

## जमने लगी ओस की बूंदें, दोपहर तक छाया रहा घना कोहरा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग में शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। सरगुजा जिले के मैनपाट व बलरामपुर जिले के सामरी पाट का न्यूनतम तापमान 2 डिग्री दर्ज किया गया है। मैनपाट समेत अन्य पाट क्षेत्रों में शुक्रवार की सुबह ओस की बूंदे जमी हुई नजर आई, अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री रहा, जिस कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। अंबिकापुर में न्यूनतम के साथ-साथ अधिकतम तापमान गिर रहा है। अधिकतम तापमान 21.9 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम में नमी और तापमान गिरने के कारण सरगुजा संभाग में घना कोहरा दोपहर तक छाया रहा। विजिब्लिटी 100 से 200 मीटर रहने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही।





### गुरूवार की रात से ही छाया कोहरा

मौसम में नमी बढ़ने और न्यूनतम तापमान में कमी के कारण सरगुजा संभाग में गुरुवार की रात से ही कोहरे का असर देखने को मिला। शुक्रवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। शहरी क्षेत्रों में विजिब्लिटी 200 मीटर व मैदानी क्षेत्रों में विजिब्लिटी 100 मीटर रही। छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री होने से पुआल के ढेर, सब्जियों के पौधे व घास-फूस पर ओस की बूंदे जमी हुई थी। अन्य पाट क्षेत्रों में ओस की बूंदे जमने की सूचना है।

### बर्फीली हवाओं के कारण बढ़ी ठिठुरन

शुक्रवार की सुबह घने कोहरे के बीच बर्फीली हवाओं के कारण लोग ठिठुरते रहे। पूरे दिन लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली। लोग ठंड से बचने के लिए अलावा का सहारा ले रहे हैं। वहीं शाम होते ही स्थिति और खराब हो जा रही है। शाम 8 बजे तक शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। कुछ दिनों से ठंड से मामूली राहत के बाद गुरुवार की रात से कड़ाके की ठंड पड़ने से लोग शाम होते ही घरों के अंदर रहने में भलाई समझ रहे हैं।

मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि उत्तर दिशा से शुष्क हवाओं के आने का क्रम जारी है। इस कारण पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर है और कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शुक्रवार को अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री कम और अधिकतम तापमान 21.9 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। आने वाले दिनों में सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव की संभावना है। उन्होंने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ के अंतिम क्षेत्र बलरामपुर जिले के रामानुजगंज व वाड्रफनगर क्षेत्रों में एलो अलर्ट जारी है। बलरामपुर जिले में घना कोहरा अधिक रहेगा। शुक्रवार को भी बलरामपुर जिले में घने कोहरे का असर ज्यादा रहा।


## घर में मुर्गा बनाने के लिए कहने पर बौखलाए पति ने पत्नी को जलते पुआल में फेंका

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पत्नी ने घर में मुर्गा बनाकर खाने के लिए कहा तो नाराज पति अपनी पत्नी से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इससे भी मन नहीं भरा तो पत्नी को उठाकर जल रहे पैरा में फेंक दिया, जिसमें शरीर का एक हिस्सा जल गया। पति के हरकत से क्षुब्ध महिला इलाज कराने के बाद थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध केस दर्ज करके विवेचना में लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के खैरबार की राजमनी ने पुलिस को बताया है कि बीते 2 दिसम्बर को रात करीब 9 उसके पति गुलाब मुर्गा लेकर आए थे, जिस पर वह अपने पति को बोली मुर्गा घर में बना लेते हैं, सभी खा लेंगे। इस पर गुलाब अपनी पत्नी से दोस्तों के साथ मुर्गा बनाकर खाने की बात कहा। मना करने पर नाराज होकर वह गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पहले तो मारपीट किया, बाद में पास ही खेत में पहले से आग लगे पैरा में उठाकर फेंक दिया, जिससे महिला का कमर से नीचे पैर तक का हिस्सा जल गया। आग में झुलस रही महिला चिल्लाई तो उसके भसुर का पुत्र गोलू आकर आग से बाहर निकाला। महिला ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता और भाई अजय नगेसिया को दी, इसके बाद वे उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराए थे। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह अपने पति के विरूद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस आरोपी पति के विरूद्ध केस दर्ज कर ली है।

# सरगुजा जिले के 53वें कलेक्टर अजीत वसंत ने किया पदभार ग्रहण

## शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर दिया जोर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर ने सरगुजा जिले के 53वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया है।



### विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण



पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवपदस्थ कलेक्टर श्री वसंत ने जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने जिला कार्यालय में स्थित जिला नाजिर कक्ष, कलेक्टर न्यायालय, नजूल कक्ष, रिकॉर्ड शाखा, प्रपत्र शाखा, एनआईसी कक्ष, राजस्व लेखा शाखा, आवक-जावक कक्ष, वित्त शाखा, भू अभिलेख शाखा आदि का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने निर्वाचन कार्यालय, ईवीएम स्ट्रांग रूम सहित विभिन्न विभागों का भी निरीक्षण कर कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

### विभागीय अधिकारियों की ली परिचयात्मक बैठक



पदभार ग्रहण करते ही कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय योजनाओं और कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय का ध्यान रखें, जिला मुख्यालय छोड़ने से पूर्व उच्च अधिकारी को अवगत कराएं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने कहा तथा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरगुज़ा जिला जनजातीय बाहुल्य जिला है, इसलिए उनके हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, राम सिंह ठाकुर, अमृत लाल ध्रुव, नगर निगम कमिश्नर डीएन कश्यप, सर्व एसडीएम एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। वे पूर्व में परिवीक्षा अवधि के दौरान सरगुजा जिले में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। नवपदस्थ कलेक्टर इससे पूर्व कोरबा जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे।

# उप वन क्षेत्रपाल पर फर्जी दस्तावेज से नौकरी हासिल करने का आरोप

## वनमण्डलाधिकारी कोरिया वनमण्डल ने जारी बयान में कहा-जांच जारी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोरिया वनमण्डल अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी मो. शमीम उप वन क्षेत्रपाल के संबंध में फर्जी दस्तावेज से नौकरी प्राप्त करने संबंधी लगे आरोप के संबंध में वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल बैकुंठपुर ने प्रेस नोट जारी करके अवगत कराया है कि संबंधित के विरूद्ध जांच कार्रवाई जारी है। मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वन वृत्त अंबिकापुर के पत्र दिनांक 23.05.2025 का हवाला देते हुए कहा गया है कि उनके द्वारा शिकायत की जांच हेतु निर्देशित किया गया था। कार्यालयीन पत्र दिनांक 27.06.2025 के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी अंबिकापुर से अंकसूची के परीक्षण हेतु पत्र जारी किया गया। उक्त प्रकरण में विभाग को प्राप्त सूचना के उपरांत कार्यालयीन आदेश दिनांक 12.11.2025 द्वारा जांच समिति का गठन किया गया है। जांच समिति के द्वारा उक्त प्रकरण की विस्तृत एवं गहन जांच की जा रही है। प्रकरण में संबंधित कर्मचारी पूर्व में विभिन्न वनमण्डलों में कार्यरत रहा, फलस्वरूप संबंधित वनमण्डलों से अभिलेख प्राप्त किए जा रहे हैं। जांच पूर्ण होने के पश्चात कोरिया वनमण्डल बैकुंठपुर अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी मो. शमीम उप वन क्षेत्रपाल के विरूद्ध शासन के नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


शैक्षणिक दस्तावेज नसीम का, शमीम बन गया उप वन क्षेत्रपाल


# 13 लाख नकद, जेवरात और मोबाइल ले गया जालसाज

## सोने-चांदी का मटका गड़ा होने और टोना-टोटका से मुक्ति का दिया था झांसा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम सेदम माझापारा में घर के अंदर गड़ा सोना-चांदी निकालने और लड़की को जादू-टोना से मुक्त कर देने का झांसा देकर 13 लाख रुपये नकद, जेवरात और दो मोबाइल की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। ठगी का एहसास होने पर खेती-किसानी करके जीवकोपार्जन करने वाला ग्रामीण थाने पहुंच कर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम सेदम माझापारा निवासी महेन्द्र सिंह पिता सुखसेन पैकरा अपने माता-पिता, पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता है, और खेती-बाड़ी करके जीवन यापन करता है। उसके घर में नासिक के एक साधु के वेश में पहुंचे पंडित का आना-जाना होता था, जिन्होंने अपना नाम सूरज तिवारी बताया था। माह अक्टूबर 2025 से घर में आना-जाना कर रहे पंडित ने घर के अंदर गड़ा सोना होने व लड़की पर जादू-टोना होने की बात कही और उसे ठीक कर देने का प्रलोभन देकर एक गड्ढा खोदवाया और उसमें पांच नग नारियल डालकर मिट्टी से पाट दिया। यहां रोज सुबह-शाम दिया तब तक जलाने के लिए कहा, जब तक 13 लाख रुपये की व्यवस्था नहीं हो जाती है। पंडित ने 13 लाख रुपये जमा हो जाने पर रायपुर आकर दवा ले जाने के लिए कहा था।

**करोड़ों के सोना-चांदी का किया दावा**

13 लाख रुपये तिल-तिल जमा करके दोनों पति-पत्नि रायपुर गए और उसके मोबाइल पर फोन किए तो पंडित ने इन्हें बस स्टैंड आने के लिए कहा। यहां सूरज तिवारी की दंपती से




मुलाकात हुई और वह इनसे 13 लाख रुपये और साथ में रखे दो मोबाइल फोन, चांदी का पायल 3 नग, सोने का कान का बाली एक जोड़ी लेकर कथित दवा का एक डिब्बा थमा दिया। पंडित सूरज तिवारी ने इनसे जिस गड्ढे में नारियल गाड़ा गया था, उसके ऊपर दवा को डालने के लिए कहा था। पंडित इन्हें आश्वस्त किया कि उनके घर आकर वह गड्ढे को खोदकर सोना-चांदी का मटका निकालेगा, जो ग्यारह करोड़ का होगा। इसे खरीदने के लिए दिल्ली से खरीददार को लेकर आने का झांसा दिया था।

**घर वापस आते तक मोबाइल हुआ बंद**

पंडित को 13 लाख रुपये थमाकर और दवा का डिब्बा लेकर दोनों पति-पत्नि रायपुर से सेदम आ गए। घर आने के बाद जब उन्होंने सूरज तिवारी को मोबाइल फोन पर कॉल किया तो मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था, इसके बाद वे लगातार उससे संपर्क करने का प्रयास करते रहे, लेकिन जालसाज से मोबाइल फोन पर संपर्क नहीं हो पाया। इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि पंडित के वेश में आया ठग इन्हें करोड़ों रुपये का सोना-चांदी का मटका गड़े होने का झांसा देकर 13 लाख रुपये की ठगी कर लिया है। इसके बाद दंपती पुलिस के समक्ष पूरी दास्तान कह सुनाए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है, और अग्रिम विवेचना कार्रवाई कर रही है।

## गाली देने से मना करने पर चाकू से हमला

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शराब पीकर आ रहे युवक ने भांजा के घर जाने निकले मजदूर पर चाकू से हमला कर दिया। जरहागढ़ निवासी जमशेद आलम ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 16 दिसम्बर को रात्रि करीब 10.30 बजे वह अपने भांजा के घर मझलीपीढ़ जा रहा था। इसी दौरान इन्द्रवाटिका के सामने गली के पास शराब पीकर आ रहे मझलीपीढ निवासी रोहीत चैहान उसके साथ गालीगलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर वह जान से मारने की धमकी देकर हाथ, मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया, जिसमें गला जख्मी हो गया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# अनैतिक व्यापार के प्रकरण में महिला सहित होटल का मैनेजर एवं कर्मचारी गिरफ्तार

## होटल प्रबंधक की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अनैतिक व्यापार होने के मामले में पुलिस ने अग्रिम जांच, कार्रवाई जारी रखते हुए एक महिला सहित होटल के मैनेजर एवं कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 10 नवम्बर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आकाशवाणी चौक के पास एक घर में युवक-युवतियों से अवैध रूप से वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। सूचना के सत्यता की जांच उपरांत महिला थाना अंबिकापुर में अपराध क्रमांक 17/2025, धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम 1956 का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना में लिया और एक मकान से महिला आरोपी को गिरफ्तार किया था। महिला के विरुद्ध अपराध पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए 10 नवम्बर को ही उसे गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। विवेचना दौरान सामने आया था कि पूर्व में गिरफ्तार महिला का पति सुनील कुमार भी अपराध में सहयोगी है। महिला ग्राहक ढूंढती है, इसके बाद उसका साथी हेमंत दास देह व्यापार के लिए लड़कियों को ग्राहक तक लाने-ले जाने का काम करता है। प्राप्त सूचना ने आधार पर पुलिस टीम ने आरोपियों संभावित ठिकानों पर दबिश दी और 13 दिसम्बर को आरोपी सुनील कुमार पिता कमला साव 40 वर्ष, निवासी मयापुर, हेमंत दास पिता स्व. राजेश दास 33 वर्ष, निवासी तेलसखरिया, थाना दरिमा एवं एक अन्य महिला को 14 दिसम्बर को अंबिकापुर स्थित एक मकान से गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। जांच में लगी पुलिस ने 19 दिसम्बर को पुन: मिली एक सूचना को गंभीरता से लिया और जांच में पाए सबूतों की तस्दीक करते हुए अर्बन चौपाटी के पास स्थित आर्यन होटल के मैनेजर एवं कर्मचारियों से पूछताछ किया। यहां एक महिला सहित आर्यन होटल का वर्तमान मैनेजर मौजी लाल जायसवाल पिता जगदेव प्रसाद जायसवाल 53 वर्ष, निवासी पटेहरा सिरमौर थाना अथरैला जिला रीवा मध्य प्रदेश एवं होटल का कर्मचारी एकलव्य पैकरा पिता जनार्दन राम पैकरा 22 वर्ष, निवासी ग्राम जिगनिया थाना कुसमी जिला बलरामपुर व एक महिला की भी अनैतिक कार्य में संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।




## कलेक्टर ने अवैध पट्टों के आधार पर दर्ज नामों को विलोपित करने के दिए आदेश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने अवैध पट्टों के आधार पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज अनावेदकों के नाम विलोपित कर विभिन्न प्रकरणों में कुल 5.764 हेक्टेयर भूमि पूर्ववत शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश पारित किया है। जारी आदेश के अनुसार, चार राजस्व प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री करुण डहरीया ने जानकारी दी है कि ग्राम सुखरी, नवाडीहकला और खजूरियाडीह के कुल चार प्रकरणों में भूमियों के अवैध पट्टे निरस्त कर संबंधित अनावेदकों के नाम विलोपित किए गए हैं। कलेक्टर के आदेश के बाद इन भूमियों को शासकीय मद में दर्ज कर लिया गया है, जिससे सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# युक्तधारा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में लेबर बजट कार्य योजना की हुई समीक्षा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में युक्तधारा के तहत ग्राम पंचायतों में की जा रही आधुनिक पद्धति लेबर बजट हेतु कार्ययोजना की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि युक्त धारा के तहत वर्तमान में 433 पंचायतों की प्लानिंग की जा चुकी है एवं ग्रामीण आजीविका में संवर्धन हेतु महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही, पीएम जनमन के हितग्राही एवं लखपति दीदियों को आजीविका डबरी दिया जा रहा है, जिससे मत्स्य पालन, एवं बत्तख पालन के साथ-साथ अपने खेती में सिंचाई की सुविधा ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता हेतु नरेगा अंतर्गत क्यूआर कोड लगाया जा रहा है, जिससे पंचायतों में चल रहे कार्यों को स्कैन कर देखा जा सकता है।



बैठक में सीईओ ने लखपति दीदियों का चयन कर प्रत्येक ब्लॉक में 20 आजीविका डबरी बनाने की बात कही। आजीविका डबरी निर्माण हेतु तकनीकी सहायकों को डबरी की तकनीकी मार्गदर्शन इनलेट आउटलेट, सिल्ट ट्रैप का निर्माण एवं अन्य बिन्दुओं समयबद्ध मजदूरी भुगतान, महिलाओं द्वारा अर्जित मानव दिवस की उपलब्धि, आंगनबाड़ी भवन निर्माण प्रगति की समीक्षा कर चर्चा की गई। बैठक में सर्व जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर, विकासखण्ड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक की उपस्थिति रहे।

# देर रात प्रशासन ने अवैध गन्ना तस्करी करते ट्रक पकड़ा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** जिले में गन्ने के अवैध परिवहन और किसानों के शोषण पर अब जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर में गन्ने की अवैध तस्करी की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला रात के अंधेरे में भी सक्रिय हो उठा। गौरतलब है कि मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता क्षेत्र में उत्पादित गन्ने को एक ट्रक में लोड कर नियमों को दरकिनार करते हुए पश्चिम बंगाल की ओर ले जाने की कोशिश की जा रही थी। सूचना मिलते ही एसडीएम शिवानी जायसवाल के निर्देशन में तहसीलदार लटोरी सुरेंद्र पैकरा के सहयोग से नायब तहसीलदार दिवाकर के नेतृत्व में एक संयुक्त जांच एवं कार्रवाई दल का गठन किया गया। इस दल में राजस्व विभाग, मंडी विभाग सूरजपुर, पुलिस विभाग, गन्ना विभाग तथा शुगर फैक्ट्री केरता के प्रबंध संचालक एवं एमडी स्वयं मौके पर मौजूद रहे। देर रात तक चली सघन निगरानी और जांच के बाद करीब रात्रि 1 बजे संदिग्ध ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 23 ई 9973 को रोका गया। जांच में जब अवैध परिवहन की पुष्टि हुई तो प्रशासन ने बिना देर किए ट्रक को अपने कब्जे में लेकर शुगर फैक्ट्री केरता परिसर में भिजवाया। वहां ट्रक में लोड गन्ने को नियमानुसार संबंधित किसान के नाम से तौल कर सुरक्षित रूप से खाली कराया गया। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया गया कि किसान को उसके गन्ने का पूरा और वैध लाभ मिले तथा बिचौलियों और अवैध व्यापारियों की मंशा पर पानी फेर दिया जाए। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्रशासन की इस सख्ती से अवैध गन्ना परिवहन में संलिप्त तत्वों में भय का माहौल है।




## अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण पर अब तक 11937.42 क्विंटल धान और 62 वाहन जब्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने सभी अंतरराज्यीय सीमाओं एवं चेक पोस्टों पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों, परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पारदर्शी एवं निष्पक्ष धान खरीदी नीति के तहत अब तक जिले में कुल 97 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 11937.42 क्विंटल अवैध धान एवं 52 चार पहिया वाहन व 10 दोपहिया कुल 62 वाहनों को जब्त किया गया है, जो कि प्रशासन की सतत निगरानी तथा संयुक्त दलों की सक्रियता का परिणाम है।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में सभी अंतरराज्यीय एवं आंतरिक चेक पोस्टों पर भी टीमों को तैनात किया गया है। साथ ही प्रत्येक अनुविभाग में गठित निगरानी दल रात्रि कालीन गश्त के साथ ही आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही हैं और मंडी अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री कटारा ने आम नागरिकों एवं किसानों से अपील की है कि यदि अवैध धान परिवहन या भंडारण से संबंधित कोई भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना मिले तो तुरंत सूचित करें। जिसमें सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में 746878 क्विंटल धान की खरीदी

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य जारी है और खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। किसानों से धान की खरीदी करने के लिए 49 सहकारी समितियों के अंतर्गत 49 धान उर्पाजन में अब तक कुल 746878 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। साथ ही 3580 क्विंटल धान मीलिंग हेतु राईस मिलरों द्वारा उठाव कर लिया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध धान पर लगातार कार्यवाही भी की जा रही है।

जिले के सहकारी समिति कपिलदेवपुर में 10512 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बादा में 7964, कुसमी में 129111.60, जवाहरनगर में 7092, कामेश्वरनगर में 33328.40, कोदवा 4051.20, गोपालपुर में 10879.20, भेंडरी 6684.40, चांदो में 24004.40, जमड़ी में 31149.20, जिगड़ी में 6740.40, जोकापाट (भरतपुर) में 3422.40, डूमरपान में 17165.20, डिण्डो में 22042, डीपाडीह में 9429.60, डोंगरो में 9451.20, गांजर में 7213.60, त्रिकुण्डा में 20569.60, बगरा में 12294.40, तातापानी में 16262.40, धंधापुर में 20614, डौरा में 12580, पस्ता में 7838, बड़कागांव में 23856.80, बरतीकला में 19378.40, बरदर में 13723.60, आरा में 6188.40, बरियों में 19452.80, बलंगी में 13817.60, बलरामपुर में 21973.20, बसंतपुर में 20485.60, भुलसीकला में 5652.80, भंवरमाल में 25974, रामानुजगंज में 15893.60, महाराजगंज में 26664.80, महावीरगंज में 13288.80, विजयनगर में 22968.40, रघुनाथनगर में 15002.8, रनहत में 11446.40, राजपुर में 28164.80, दोलंगी 11938.80, रामचन्द्रपुर में 9510, रामनगर में 20110.80, वाड्रफनगर में 12214.40, स्याही में 13438.80, विरेन्द्रनगर में 24581.20, सरना में 16094, सेवारी में 16893.20 एवं सामरी में 3964.80 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है।

# अवैध शराब पर की गई कार्यवाही, 18 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री एस.एन साहू के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा जिले के पुलिस चौकी बरियों के अंतर्गत 01 प्रकरण पर कार्यवाही करते हुए अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि ग्राम भेस्की निवासी बबलू राम टोप्पो के पास से 18 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब व 40 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन तथा सार्वजनिक जगहों पर मदिरापान और राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों के किनारे संचालित होटल, ढाबा में शराब रखने, पीने एवं पिलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आबकारी अधिकारी ने बताया है कि अवैध मदिरा के संबंध में आबकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07831-299241 एवं टोल फ्री नम्बर 14405 पर सूचित किया जा सकता है।

# *धान उठाव शून्य होने से खरीदी व्यवस्था चरमराई, कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन*

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** जिले में धान खरीदी के चरम दौर के बीच धान उठाव पूरी तरह ठप होने से सूरजपुर जिले की खरीदी व्यवस्था गंभीर संकट में फंस गई है। गत एक माह से अधिक समय से जिलेभर के धान खरीदी केंद्रों में लगातार धान की आवक हो रही है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि 19 दिसंबर तक कुल धान उठाव एक प्रतिशत भी नहीं हो सका है। इस गंभीर स्थिति को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला सूरजपुर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप नहीं होने पर धान खरीदी बंद होने की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि जिले के लगभग सभी धान खरीदी केंद्रों पर धान का स्टॉक निर्धारित बफर लिमिट से कई गुना अधिक पहुंच चुका है। हालात यह हैं कि कई केंद्रों में अब धान रखने के लिए अतिरिक्त जगह तक उपलब्ध नहीं है। खुले में धान रखने की नौबत आ गई है, जिससे न सिर्फ गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है बल्कि सुरक्षा और नुकसान का खतरा भी बढ़ गया है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अब तक संग्रहण केंद्रों में भी उठाव शुरू नहीं हो सका है। परिवहन व्यवस्था, गोदाम आवंटन और लॉजिस्टिक तालमेल के अभाव में पूरी सप्लाई चेन ठप पड़ी है। यदि यही स्थिति रही तो प्रशासन द्वारा तय लक्ष्य समय पर पूरा करना असंभव हो जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि धान की खरीदी 14 से 17 प्रतिशत नमी के साथ की गई है। लंबे समय तक उठाव नहीं होने से धान में सुखत और गुणवत्ता ह्रास शुरू हो चुका है। इससे समितियों पर भारी आर्थिक नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। साथ ही यदि धान की गुणवत्ता मानकों से नीचे गई तो आगे चलकर भुगतान और नीलामी में भी दिक्कतें आ सकती हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट कहा है कि यदि शनिवार और रविवार को भी धान उठाव नहीं हुआ तो सोमवार 22 दिसंबर से धान खरीदी जारी रखना संभव नहीं होगा। इसका मतलब है कि सैकड़ों किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर होंगे और जिले में धान खरीदी पूरी तरह ठप हो सकती है। धान उठाव न होने से किसानों में भी असंतोष और बेचैनी बढ़ती जा रही है। कई किसानों ने खरीदी केंद्रों पर धान बेच तो दिया है, लेकिन आगे की प्रक्रिया अटकने से उन्हें समय पर भुगतान और सुरक्षित भंडारण को लेकर चिंता सता रही है। यदि खरीदी बंद होती है तो किसान सीधे तौर पर सबसे अधिक प्रभावित होंगे। सहकारी समितियों के कर्मचारी सीमित संसाधनों में दिन-रात व्यवस्था संभालने में जुटे हैं। जगह की कमी, स्टॉक प्रबंधन और गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी पूरी तरह कर्मचारियों पर आ गई है, जिससे कार्य दबाव और तनाव लगातार बढ़ रहा है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने मांग की है कि सभी धान खरीदी केंद्रों से तत्काल धान उठाव शुरू कराया जाए, संग्रहण केंद्रों और गोदामों की संख्या बढ़ाई जाए, परिवहन व्यवस्था को सुचारु करने के लिए विशेष टीम और अतिरिक्त संसाधन लगाए जाएं, सप्ताहांत में भी धान उठाव सुनिश्चित किया जाए, गुणवत्ता प्रभावित होने से पहले आपातकालीन कार्ययोजना लागू की जाए।



# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया रंगारंग वार्षिकोत्सव

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में प्राचार्य अनामिका भारती के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में 18 दिसंबर को विद्यालय का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह थे। अन्य अतिथियों में अल्पना सिंह अध्यक्ष शिवानी महिला मंडल बिश्रामपुर, मोलिका मुखर्जी प्राचार्य डीएवी भटगांव व मैनेजर डीएवी बिश्रामपुर, डीईओ अजय कुमार मिश्रा, जी के राय, ऑपरेशन जीएम जीके राय, एसके पांडेय प्राचार्य डीएवी चिरमिरी, जेसीसी मेंबर्स एवं विविध संघों के पदाधिकारी व सदस्य का प्राचार्य अनामिका भारती एवं वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा सैपलिंग भेंटकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा संगीतमय स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान से किया गया। प्राचार्य अनामिका भारती ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रतिभाएं होती हैं। इस प्रकार के आयोजन से उनके हुनर उभरकर सामने आते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे ही शानदार वार्षिकोत्सव आयोजित करने की बात कही और विद्यार्थियों के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित वंदेमातरम नृत्य, नेचुरल रिसोर्सेस, रामलीला, वेस्टर्न डांस, छत्तीसगढ़ी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, भांगरा, गुजराती नृत्य, बिहू नृत्य, नाटक बदलता परिवेश, इंग्लिश वन एक्ट प्ले, म्यूजिकल आर्केस्ट्रा, वुमेन इम्पॉवरमेंट के साथ प्री प्राइमरी विंग के नन्हे बच्चों का रैंपवॉक, फेस्टिवल ऑफ इंडिया डांस की रंगारंग एवं आकर्षक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।इस अवसर पर सत्र 202324, कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा एवं सत्र 2024-25 दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों सहित डीएवी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में विविध खेलों में पदक विजेता विद्यार्थियों, आईआईटी, नीट आदि परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले डीएवी बिश्रामपुर के बारहवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं तथा सत्र 2024-25 बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक क्यूपीआई देने वाले टीचर्स श्रीमती प्रगति दीक्षित व रितेश कुमार, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं इन्फॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस, मिनीमोल डिसिल्वा व लक्ष्मीकांत दास अंग्रेजी, एएम चौबे हिंदी, पीके वैद्य फिजिकल एजुकेशन को विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्मृति चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एलके दास, वरिष्ठ अध्यापिका शोभा नामदेव एवं विद्यालय के विद्यार्थियों मान्यता जायसवाल, मैथिली मिश्रा, जायना नजीम, एलिजा खान, कृति श्रीवास, शैली शैलजा टोप्पो, इजमा खान व सौमिल गुप्ता ने किया। अध्यापक एएम चौबे द्वारा आभार ज्ञापन किया गया। सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।

# घने कोहरे की गिरफ्त में कोयलांचल, दोपहर की धूप बनी राहत की किरण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में शुक्रवार की सुबह ऐसा नजारा देखने को मिला मानो पूरा क्षेत्र सफेद चादर में लिपट गया हो। घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। सुबह-सुबह घरों से निकलने वाले लोग कोहरे के बीच रास्ता तलाशते नजर आए, वहीं सड़कों पर दृश्यता इतनी कम थी कि वाहन चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ गई। कोहरे के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे, दफ्तर और खदानों की ओर जाने वाले कई कर्मचारी समय पर नहीं पहुंच सके। सार्वजनिक परिवहन भी प्रभावित रहा, जिससे यात्रियों को खासा इंतजार करना पड़ा। सुबह की सैर पर निकलने वाले लोग भी मजबूरन घरों में ही दुबके रहे। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर ठंड के रूप में साफ दिखाई दिया। ठिठुरन बढ़ने से शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड और रिहायशी इलाकों में अलाव जलते नजर आए। लोग हाथ सेंकते हुए ठंड से बचाव करते दिखे। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए यह मौसम विशेष रूप से परेशान करने वाला रहा।करीब 12 बजे दोपहर बाद जब सूर्य देव की हल्की झलक दिखाई दी तो लोगों ने राहत की सांस ली। धूप निकलते ही वातावरण में कुछ गर्माहट आई और जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौटता नजर आया।जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में भी सुबह और रात के समय कोहरा व कड़ाके की ठंड बनी रह सकती है।



ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने, वाहन धीमी गति से चलाने और ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करने की अपील की गई है।

# प्रबंधन की सख्ती से अवैध रूप काबिज क्वार्टर हो रहे खाली

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में अधिकारी कर्मचारियों के रहने के लिए आवास उपलब्धता में आई परेशानी के बाद प्रबंधन ने अवैध रूप से काबिज आवासों को खाली कराने चरणबद्ध तरीके से अभियान चला रहा है। इसमें काफी हद तक प्रबंधन को सफलता भी मिल रही है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह के निर्देश पर सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह व सुरक्षा अमला पिछले छह माह से क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनियों में अवैध रूप से काबिज लोगों की पहचान के लिए सर्वे का कार्य कराया जा रहा है।जिसमें करीब पांच सौ से अधिक आवासों में बाहरी लोग एवं सेवानिवृत्ति के बाद भी कई कर्मी निवासरत पाए गए हैं। जिन्हें प्रबंधन नोटिस जारी कर क्वार्टर खाली कर प्रबंधन के सुपुर्द करने लगातार निर्देशित कर रहा है, जिसका असर भी दिखना शुरू हो गया है। सुरक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस चरणबद्ध अभियान के बाद पच्चीस से अधिक लोगों ने अब तक अवैध रूप से कब्जा किए क्वार्टर को खाली कर प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया है। आवास खाली कर प्रबंधन को सुपर्द करने वालों में पुलिस अधिकारी, कंपनी के अधिकारी सहित कई सेवानिवृत्त कर्मी शामिल हैं। जिनमें अमरेंद्र नाथ सिंह, हरदेव सिंह, बी मुखर्जी, राम नारायण राजवाड़े, अभय नायर, सर्वदेव यादव, प्रदुम्न सिंह, दिनेश कुमार खेस, सौरव यादव, सिंह कंस्ट्रक्शन, रामस्वरूप असाटी, एडिशनल एसपी महालक्ष्मी कुलदीप, बैंक कर्मी अजय कुमार मलिक, अनीत गौरे, भोला प्रसाद पटेल, अशोक कुमार स्वाई, एसके द्विवेदी, प्रकाश बंडीआई, शंख लाल साहू, शमशुद्दीन, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार दास, जेके बर्खानिया के नाम शामिल हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि अभी सैकड़ों कब्जाधारियों को प्रबंधन चरणबद्ध तरीके से नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके उपरांत प्रबंधन सख्ती बरतते हुए कंपनी आवासों को खाली कराएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वालों को मिलेगा 25 हजार का प्रोत्साहन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने के लिए आगे आने वाले नेक नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु राहवीर योजना एक अत्यंत प्रभावशाली और मानवीय पहल के रूप में लागू की गई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के तत्वावधान में संचालित यह योजना उन लोगों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान करती है, जो दुर्घटना के गोल्डन ऑवरह्व यानी पहले एक घंटे के भीतर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना के तुरंत बाद बिना समय गंवाए घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक, जिन्हें राह-वीरह्व कहा जाता है, को 25,000 रुपये तक की नकद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। यह राशि सीधे राहवीर के बैंक खाते में पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) के माध्यम से भेजी जाती है, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सरल बनी रहती है।




## मदद करने वालों को कानूनी संरक्षण

राहवीर योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें मदद करने वाले नागरिकों को कानूनी संरक्षण भी प्रदान किया गया है। मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 की धारा 134 (ए) के तहत राहवीरों के खिलाफ बिना अनुमति कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग किसी भय या झिझक के बिना दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें और मानवता का परिचय दें। इस योजना के अंतर्गत पात्र वही नागरिक होते हैं, जो सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवरह्व के भीतर अस्पताल पहुंचाते हैं। पुलिस और अस्पताल से प्राप्त तथ्यों के आधार पर कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा राहवीरों का चयन किया जाता है, जिसके बाद उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नामांकन हेतु भेजा जाता है।

## कई गुना बढ़ जाएगी जान बचने की संभावना

विशेषज्ञों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में यदि पहले एक घंटे के भीतर पीड़ित को चिकित्सा सहायता मिल जाए, तो उसकी जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसी महत्वपूर्ण समय को ध्यान में रखते हुए राहवीर योजना को लागू किया गया है। यह योजना न केवल जीवन रक्षा करने वाले नागरिकों को सम्मानित करती है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और सहयोग की भावना को भी सशक्त बनाती है।

# डिजिटल तकनीक से धान विक्रय करना हुआ आसान कृषक चंद्रप्रकाश कुशवाहा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। जिले में संचालित धान उपार्जन केन्द्रों पर लागू पारदर्शी और डिजिटल व्यवस्था से किसानों को बड़ी राहत मिली है। टोकन प्रणाली, समयबद्ध प्रक्रिया और मूलभूत सुविधाओं के कारण अब धान विक्रय सुगम, सरल और परेशानी-मुक्त हो गया है। अम्बिकापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बकालो के निवासी किसान चंद्रप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष मौसम अनुकूल रहने से उनकी फसल काफी अच्छी हुई है। उन्होंने बताया कि उनके धान का कुल रकबा लगभग 140 क्विंटल का है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से टोकन काटने की प्रक्रिया बेहद आसान हो गई है। उन्होंने तुंहर टोकन ऐप के माध्यम से 71.20 क्विंटल धान का पहला टोकन स्वयं ही काटा। किसान चंद्रप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि टोकन के अनुसार जब वे दरिमा धान उपार्जन केन्द्र पहुंचे, तो वहां पहुंचते ही गेट पास जारी किया गया, नमी परीक्षण किया गया तथा तत्काल बारदाना उपलब्ध करा दिया गया। पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण हुई और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के लिए पीने के पानी, बैठने की उचित व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे प्रतीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती।

# भाजयुमो प्रदेश कार्यकारणी में आईटी प्रमुख बने विकास शुक्ल चंदन



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ भाजपा युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश संगठन का विस्तार करते हुए को प्रदेश पदाधिकारी के रूप में आईटी प्रमुखकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। विकास शुक्ल चंदन लंबे समय भाजयूमो से जुड़े हुए हैं पूर्व में ज़िला उपाध्यक्ष, ज़िला मंत्री, नगर प्रशिक्षण प्रमुख व नगर कार्यसमिति सदस्य जैसे दायित्व का निर्वहन कर चुके है उनके अनुभव, कर्मठता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है। नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी चंदन ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं ऊर्जा के साथ निभाएंगे तथा युवाओं की भागीदारी को और मजबूत करेंगे।

# छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का 29 से 31 दिसंबर को काम बंद- कलम बंद आंदोलन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तत्वाधान में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी आंदोलन दिनांक29, 30, 31 दिसंबर 2025 को ₹काम बंद- कलम बंद₹ आंदोलन को सफल बनाने हेतु छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा नवा रायपुर की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रांतीय संयोजक आदरणीय कमल वर्मा जी ने आंदोलन को सफल बनाने हेतु तैयारी के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी कर्मचारियों अधिकारियों को रणनीति एवं कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दिए एवं आगामी आंदोलन को एकजुटता के साथ सफल बनाने हेतु अपील किए है। बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने उक्त आंदोलन को सफल बनाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की है एवं आगामी 29, 30, 31 को नवा रायपुर स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों में हड़ताल को सफल बनाने का भरोसा दिलाया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन नवा रायपुर के उक्त बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों अधिकारियों को श्री जय कुमार साहू अध्यक्ष



संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ एवं संरक्षक नवा रायपुर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आभार व्यक्त करते हुए ह्वदय से धन्यवाद ज्ञापित किये। उक्त बैठक में कमल वर्मा प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जय कुमार साहू संरक्षक नवा रायपुर फेडरेशन एवं अध्यक्ष संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ, संतोष कुमार वर्मा संयोजक नवा रायपुर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, नंदलाल चौधरी उपाध्यक्ष राजपत्रित संघ, पी.एल सहारा, बजरंग प्रजापति, कांति सूर्यवंशी उप संयोजक नवा रायपुर फेडरेशन, जागेश्वर भट्ट अध्यक्ष वन मुख्यालय अरण्य भवन, श्रीमती मीनू दास, आर.डी मेहरा राजपत्रित संघ, श्रीमती सोनाली तिड़के संयोजक महिला प्रकोष्ठ नवा रायपुर, संजीत शर्मा महासचिव, राजेश ठक्कर, कुमार वर्मा उपाध्यक्ष, जवाहर यादव जिला अध्यक्ष लिपिक संघ, जितेन्द्र बिस्वाल, आकाश त्रिपाठी प्रवक्ता, महेन्द्र साहू अध्यक्ष वाहन चालक संघ, कुमार यादव, आनंद रविन्द्र, मनीष हुमनेकर, कल्याण सिंह, प्रवीण सिंह, विरेंद्र जांगड़े, दीपक सोनकर, निशा यादव, संजय साहू, देवेंद्र साहू, सुरेश ढीढी अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ, अनिल वर्मा मीडिया प्रभारी, चंद्रशेखर साहू, अमित शर्मा, नितिन अठनकर, हेमन्त उइके, गौरी छुरा, डिकेंद्र खुटे, राजकुमार सोधिया, श्याम कन्नौजे, गुड़िया खूंटे, नम्रता नादुलकर, चंद्रकांत जयसवाल, अभिजीत तिवारी, मुकेश ध्रुव एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उक्त बैठक में सम्मिलित हुए।

# घर में सो रहे ग्रामीण को हाथी ने कुचला, तीन दिन में लेली तीन जान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

कोरबा। जिले में हाथी का आतंक लगातार जारी है। हाथी के हमले में फिर एक ग्रामीण की मौत हो गई। अपने दल से बिछड़े दंतैल हाथी ने बिलासपुर में तीन लोगों पर हमला किया था फिर जिले के कटघोरा वन मंडल पहुंच कर पिछले दो दिनों में दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। अब तीसरे दिन भी हाथी ने ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया है। ताजा मामला कोरबा जिले के कोरबा वनमण्डल के बालकों रेंज के अजगरबहार ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम गौरबोरा में घटित हुई है। जहां सो रहे ग्रामीण के घर घुसकर हाथी ने ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। दरमियानी रात 40 वर्षीय महेंद्र मांझवार अपने घर में सो रहा था, तभी घर के अंदर घुसकर उसे हाथी ने कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार हाथी आधी रात दरवाजा तोड़ कर घुसा था। फिर सो रहे ग्रामीण को मौत के



घाट उतार दिया। घर के अन्य सदस्यों ने किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई। लगातार हो रहे हाथी के हमलों से ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के आतंक से निजात दिलाने वन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। वही सूचना मिलते ही वन विभाग और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई तथा घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए मृतक के परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए प्रदान किया गया। हाथी के मूवमेंट पर वन विभाग की टीम नजर रख रही हैं। बिलासपुर रेंज से दंतैल हाथियों का दल विचरण कर रहा था। जिसमें से एक हाथी अपने झुंड से बिछड़ गया है और कटघोरा वन मंडल पहुंच गया है। बुधवार को कटघोरा वन मंडल के चैतमा वन परिक्षेत्र के बेरिउमरांव गांव के नीमपानीटोला में हाथी ने सो रहे पति-पत्नी पर हमला कर दिया। पति ने खाट के नीचे छुप कर अपनी जान बचाई जबकि भाग रही पत्नी को दौड़ा-दौड़ा कर हाथी ने मार डाला। जिसके बाद गुरुवार को जटगा वन परिक्षेत्र के बिंझरा गांव में शौच कर वापस लौट थे पति-पत्नी पर हाथी ने हमला कर दिया। पति ने भाग कर अपनी जान बचाई वही पत्नी की हाथी के हमले में मौत हो गई। इससे पहले बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में शहर से लगे खपराटोल गांव में धान की रखवाली के लिए घर के बाहर सो रही महिला को कुचल कर मार डाला था, जबकि उसका 12 साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद पड़ोस के पौंसरा गांव में घुस उसी हाथी ने एक अन्य व्यक्ति को भी घायल कर दिया था। वन विभाग ने हाथी से दूर रहने, जंगल नहीं जाने और अंधेरा होते ही बाहर नहीं निकलने की मुनादी करवाई है।

# पंडो जनजाति के जरूरतमंदों को कंबल व गर्म टोपी का वितरण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जरही। सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत दुरति स्थित पंडो नगर में ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से गरीब पंडो जनजाति के लोगों को कंबल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को समाजसेवी भोला प्रसाद अग्रवाल के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें पंडो नगर के 100 से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। समाजसेवी भोला प्रसाद अग्रवाल विगत कई वर्षों से सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय हैं। हर वर्ष ठंड के मौसम में वे जरूरतमंदों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराते आ रहे



हैं। इस वर्ष कड़ाके की ठंड को देखते हुए उन्होंने स्वयं पंडो नगर पहुंचकर जनजाति के लोगों को कंबल के साथ-साथ गर्म टोपी भी वितरित की, ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत दुरति की सरपंच श्रीमती पंचमणी, बांके बिहारी अग्रवाल, दशरथ पंडो, रामायण गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस सेवा कार्य के लिए समाजसेवी भोला प्रसाद अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।

# एसडीएम ने ली ब्लॉक टास्क फोर्स कमेटी की बैठक, 11122 बच्चो को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। कलेक्टर एस. जयवर्धन के दिशा निर्देश व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.डी. पैकरा के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बंटी बैरागी के नेतृत्व में विकासखंड ओड़गी के ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक एसडीएम भैयाथान श्रीमती चांदनी कंवर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे, विकासखंड ओड़गी में पल्स पोलियो अभियान हेतु 21 दिसंबर बूथ लेवल पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की ड्रॉप्स पिलाई जाएगी साथ ही साथ 22 एवं 23 तारीख को गृह भेंट कर 0 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की ड्रॉप्स पिलाया जाना है, जिसके लिए ब्लॉक में 128 बूथ बनाए गए हैं।




साथ ही साथ सुपरवाइजर सर्वेक्षण सुपरविजन के लिए 19 टीम गठित की गई है, ब्लॉक में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। पल्स पोलियो 0 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों की संख्या 11122 है जिन्हें शत प्रतिशत दवाई पोलियों की ड्रॉप्स पिलाया जाना है। सघन कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम विकासखंड में 8 दिसंबर से सर्वेक्षण अभियान प्रारंभ है जिसमें से अब तक कुल 85005 सर्वे किया जा चुका है जो आगामी 31 दिसंबर तक चलेगा जिसमें से कुल 121 संदेशात्मक मरीज पाए गए हैं जिसका सत्यापन 14 लोगों का कराया जा चुका है इस हेतु टोटल 108 टीम बनाई गई है तथा सुपरवाइजर की संख्या 22 बनाई गई है जिसमें से जगह-जगह घर-घर ,टोला, कस्बा क्षेत्र में जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानिनों के द्वारा कुष्ठ की सर्वे किया जा रहा है जिसमें से दो नए बी लेप्रोसी के केस मिले हुए हैं आज की ब्लॉक स्तरीय बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम सखन आयाम, बीटीओ डीएन रवि, ब्लॉक कुष्ठ प्रभारी यू.आर. ध्रुव, सहायक टीकाकरण नोडल गोपाल शरण सिंह, महिला बाल विकास विभाग से राठिया सेक्टर सुपरवाइजर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध धान पर एसडीएम ने की कार्रवाई, 36 बोरी पुराना धान जप्त

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में जिले में अवैध धान के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर ललिता भगत के द्वारा धान खरीदी केंद्र दवनकरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक किसान द्वारा 36 बोरी पुराना धान विक्रय हेतु लाया गया पाया गया। नियमानुसार उक्त धान को मौके पर ही जप्त कर लिया गया तथा आगे की कार्रवाई हेतु संबंधित समिति को सुपुर्द किया गया। जिला प्रशासन द्वारा किसानों से कहा गया है शासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए सारी सुविधाएं मुहैय्या कराई गई है साथ ही इस अवसर पर अपील की गई है कि वे केवल वैध एवं नियमानुसार ही धान का विक्रय करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# जिले में 21 से 23 दिसम्बर तक 104660 बच्चो को पिलाई जायेगी पल्स पोलियो की दवाई

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. कपिल देव पैकरा, सिविल सर्जन डॉ अजय मरकाम जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ हर्षवर्धन शर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक रा.स्वा.मि. संदीप नामदेव तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर विकास खण्डों के ग्रामीण क्षेत्र एंव शहरी क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने हेतु वाहनों को किया गया रवाना। जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 2025 का आयोजन जिले में 21 दिसम्बर को किया जा रहा है। जिसमें 21 को बूथ पर तथा 22 एवं 23 दिसम्बर घर.घर जाकर 0 से पांच वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु लगभग 104660; एक लाख चार हजार छः सौ साठ 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को



पोलियो की खुराख दी जायेगी। जिसके लिए 744 पोलियो बूथ पर 900 टीम तथा 2430 कर्मचारी निर्धारित स्थान पोलियो बूथ रेलवे स्टेशन हाट बजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलायगे। पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु जिले स्तर पर मॉनिटरिंग टीम करेंगे पूरे जिले का दौरा जिसमें डॉक्टर अजय मरकाम सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक समस्त विकासखंड ,डॉ हर्षवर्धन शर्मा टीकाकरण अधिकारी समस्त विकासखंड , संदीप नामदेव जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त विकासखंड,डॉ राजेश पैकरा डॉक्टर जसवंत दास ओडगी विकासखंड,श्री विवेक सदन नाविक श्री पीलेश्वर नवरंगे प्रतापपुर विकासखंडए श्रीमती शुभम श्रीवास्तव श्रीमती स्मृति चौबे सूरजपुर कंट्रोल रूम ,डॉ मितेश सिंह रश्मि मिश्रा रामानुज नगर विकासखंड, संदीप गुप्ता संजीत सिंह भैया थान विकासखंड , डॉ महेंद्र राजवाड़े सुरेश गुप्ता प्रेम नगर विकासखंड ,का दौरा कर पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु निरीक्षण करेंगे।

## नहीं थम रहा नगर पंचायत नसीराबाद में भ्रष्टाचार

नसीराबाद, राय बरेली। नगर पंचायत नसीराबाद में भ्रष्टाचार थमने के बजाय और बढ़ता जा रहा है और इस पर लगाम लगने की संभावना भी नहीं दिखाई पड़ती। करोड़ों रुपए लागत की योजनाओं में से जो भी काम प्रारंभ हुए हैं उनमें जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है।

**प्रति**
**समस्त ग्रामवासी**
**ग्राम:-कुन्नी**
**तहसील:- लखनपुर**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ उजियार सिंह आत्मज कांशी राम, निवासी ग्राम कुन्नी तहसील लखनपुर के द्वारा अपने नानी स्व० दशमेत की मृत्यु दिनाँक 15/07/2012 को हो जाने से (जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ०ग० जन्म मृत्यु रिज० नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनाँक 31/12/25 को सूनवाई की जानी है। आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 31/12/2025 इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनॉक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

तहसीलदार
लखनपुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत क्षेत्र रूनिहाडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदक जिरोधन आ0 नान्हू जाति पनिका निवासी ग्राम रूनियाडीह तहसील सूरजपुर के द्वारा ग्राम रूनिहाडीह मे स्थित भूमि खसरा नम्बर 823/1, 999/2 कुल रकबा 0.09 हे. भूमि को उभयपक्षो के मध्य बटवारा कराये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07.01.2026 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11.12.2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### भारत-ओमान बिजनेस फोरम को किया संबोधित

# मस्कट में बोले पीएम मोदी-भारत ने नीतियों के साथ-साथ आर्थिक डीएनए भी बदल दिया

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओमान दौरे का आज दूसरा दिन है। आज पीएम मोदी की मौजूदगी में भारत-ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समझौते से 21वीं सदी में भारत-ओमान की साझेदारी में नया विश्वास और उत्साह का संचार होगा। पीएम मोदी ने भारत-ओमान बिजनेस फोरम के कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा, भारत-ओमान साझेदारी को ये सम्मेलन नई दिशा, नई गति देगा और दोनों देशों के संबंध नई बुलंदियों पर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, सभ्यता के आरंभ से ही हमारे पूर्वज एक दूसरे के साथ समुद्र के जरिए व्यापार करते रहे हैं। मांडवी और मस्कट के बीच अरब सागर एक मजबूत पुल बना। इस पुल ने हमारे रिश्तों को मजबूत किया और संस्कृति और अर्थव्यवस्था को ताकत दी। आज हम कह सकते हैं कि समुद्र की लहरें बदलती हैं, मौसम बदलते हैं, लेकिन भारत और ओमान की दोस्ती हर मौसम में मजबूत होती है।

*दिवाली का दीया हमारे घर को ही नहीं, पूरी दुनिया को रोशन करेगा*

**दोनों देशों के व्यापार को नई गति मिलेगी**



पीएम मोदी ने ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

**हम भारतीय विविधता का सम्मान करते हैं**

पीएम मोदी ने ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम एक परिवार की तरह इकट्ठा हुए हैं। भारत में विविधता है, जो हमारी संस्कृति का मजबूत आधार है। हमारे लिए हर दिन एक नया रंग लेकर आता है, हर मौसम एक नया उत्सव बन जाता है, हर परंपरा एक नई सोच के साथ आती है।

प्रधानमंत्री ने कहा हमारा रिश्ता विश्वास की नींव पर बना है और समय के साथ गहराता चला गया है। हमारे कूटनीतिक संबंधों को 70 साल हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज हम ऐतिहासिक फैसला ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता 21वीं सदी में हमारी साझेदारी को नया विश्वास और नई ऊर्जा देगा। इससे व्यापार को नई गति मिलेगी।

**पीएम का सुल्तान ने किया स्वागत**



पीएम मोदी का गुरुवार को अल बराका पैलेस में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने चर्चा की। इस दौरान, पीएम मोदी ने भारत-ओमान संबंधों को गहरा करने में शिक्षा और अंतरिक्ष सहयोग की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और ओमान में भारतीय शिक्षा की 50वीं वर्षगांठ को दोनों देशों के संबंधों में एक प्रमुख मील का पत्थर बताया। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि एआई सहयोग, डिजिटल शिक्षा, नवाचार साझेदारी और उद्यमिता आदान-प्रदान के माध्यम से साझेदारी भविष्य के लिए तैयार हो रही है।

**भारत-ओमान संबंधों की तारीफ की**

प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम सब यहां भारत-ओमान 'मैत्री पर्व' भी मना रहे हैं। एम मतलब Maritime Heritage (समुद्री विरासत), ए का मतलब Aspiration (आकांक्षा), आई का मतलब Innovation (नवाचार), टी का मतलब Trust and Technology (विश्वास और तकनीक), आर का मतलब Respect (सम्मान) और आई का मतलब Inclusive Growth (समावेशी विकास) है। ये मैत्री पर्व दोनों देशों की दोस्ती और हमारी साझा सांस्कृतिक और समृद्ध भविष्य का उत्सव है।

**भारत के तेज आर्थिक विकास का जिक्र किया**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ओमान के रिश्ते व्यापार से शुरू हुए और आज शिक्षा इन्हें मजबूत बना रही है। पीएम मोदी ने कहा कि ओमान के भारतीय स्कूलों में 46 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे हैं और इनमें ओमान में रहने वाले अन्य समुदाय के लोग भी हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत के तेज आर्थिक विकास का जिक्र किया और कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पीएम मोदी ने उनकी सरकार के कार्यकाल में आईआईटी, आईआईएम और एम्स की संख्या में बढ़ोतरी का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने भारत के अंतरिक्ष मिशन की उपलब्धियों का भी जिक्र किया और कहा कि हम चांद के साथ दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत की कई अन्य उपलब्धियों का जिक्र किया।

### दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों पर बोले पीएम

## मित्र देशों की प्रगति में हम 'साथ' ओमान की कंपनियां निवेश करें



व्यापारिक मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी ने की मुलाकात

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करेगा। मस्कट में आयोजित भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन दोनों देशों की साझेदारी को नई दिशा देने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हम ऐसा ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। सीईपीए हमारे साझेदारी संबंधों को 21वीं सदी में नई मजबूती और नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि भारत का स्वभाव हमेशा प्रगतिशील और आत्मनिर्भर रहा है और जब भारत आगे बढ़ता है, तो अपने मित्र देशों की प्रगति में भी योगदान देता है। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बताया और कहा कि ओमान के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि दोनों देश न केवल करीबी मित्र हैं बल्कि समुद्री पड़ोसी भी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच पीढ़ियों पुराना विश्वास है और व्यापारिक संबंधों में एक-दूसरे के बाजारों की गहरी समझ है।

**भारत की विकास यात्रा में भागीदारी का निमंत्रण**

प्रधानमंत्री ने ओमान की कंपनियों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने केवल नीतियां ही नहीं बदलीं, बल्कि अपने आर्थिक डीएनए में भी बदलाव किया है। इस दौरान उन्होंने जीएसटी और दिवाला व शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) जैसे प्रमुख सुधारों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर ओमान पहुंचे थे। आर्थिक मोर्चे पर भारत-ओमान के बीच व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात लगभग 4 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर रहा।

# कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष ने कांस्टेबल को जड़ा थप्पड़ गाजीपुर में हंगामा, पुलिसकर्मी पर गलत तरह से छूने का आरोप

संवाददाता

गाजीपुर में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय के घेराव का कार्यक्रम तय किया था। हालांकि, पुलिस ने घेराव से पहले ही सख्ती दिखाते हुए अधिकतर कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए, जिसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए।कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील राम और शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता बैनर और झंडे लेकर छावनी लाइन स्थित भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। जैसे ही प्रदर्शनकारी शहर कोतवाली क्षेत्र में पहुंचे, वहां पहले से तैनात भारी पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया।पुलिस और कार्यकताओं के बीच नोकझोंक के बाद कई कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया गया।इसी दौरान कांग्रेस की महिला जिलाध्यक्ष महबूब निशा भी प्रदर्शन में शामिल थीं।महबूब निशा का आरोप है कि धक्का-मुक्की के दौरान एक पुरुष पुलिस कॉन्स्टेबल ने कथित तौर पर उनके पेट में हाथ लगाया

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी घसिया बस्ती का किये औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज राबर्ट्सगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के घसिया बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों द्वारा पठन- पाठन कार्य करते पाये गये। जिलाधिकारी ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से वार्ता कर बौद्धिक स्तर का जायजा लिये और बेहतर शिक्षण कार्य के लिए अध्यापक/शिक्षामित्र को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत 55 में से मौके पर कम संख्या में बच्चों की उपस्थिति पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के अध्यापक को पंजीकृत छात्र- छात्राओं की उपस्थिति को अधिकाधिक बढ़ाने के निर्देश दियें, उन्होंने कहा कि पंजीकृत छात्र-छात्रा विद्यालय आये, इसके लिए अभिभावकों को भी प्रेरित किया जाये।

### कई देश लगा चुके हैं प्रतिबंध

## ऑस्ट्रिया के बाद अब डेनमार्क ने बैन कर दिया हिजाब और बुर्का

एजेंसी कोपेनहेगेन

यूरोपीय देश डेनमार्क अब स्कूलों और यूनिवर्सिटी में बुर्का, नकाब और चेहरा ढकने वाले कपड़े पर प्रतिबंध लगाने लगाने जा रहा है। डेनमार्क में सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर पहले ही रोक है और अब इसे स्कूलों और यूनिवर्सिटी में भी लागू करने की तैयारी है। देश के इमिग्रेशन और इंटीग्रेशन मंत्री रासमस स्टॉकलुंड ने एक बयान में कहा, बुर्का, नकाब या ऐसे कपड़े जो लोगों के चेहरे छिपाते हैं, उनकी डेनमार्क के क्लासरूम में कोई जगह नहीं है। इससे पहले आस्ट्रिया ने भी कुछ इसी तरह के कदम उठाए हैं।

डेनमार्क प्रशासन ने अगस्त 2018 में सार्वजनिक जगहों पर पूरे चेहरे को ढकने वाले कपड़े पर पूरी तरह रोक लगा दी थी, जिसमें बुर्का



और नकाब जैसे इस्लामिक परिधान भी शामिल थे। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता था। अब इसे आगे बढ़ाने की योजना है। रिपोर्ट के अनुसार पूरे चेहरे को ढकने वाले नकाब को बढ़ाने वाला बिल फरवरी 2026 में डेनमार्क की संसद में पेश किया जाएगा।

### व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का एक और आतंकी गिरफ्तार

## एनआईए ने शोपियां के यासिर डार को दिल्ली से दबोच लिया

दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके के बाद 9वां आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी नई दिल्ली

दिल्ली विस्फोट मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक और बड़ी सफलता मिली है। एनआईए ने व्हाइट कॉलर मॉड्यूल के एक और आतंकी यासिर डार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यासिर डार दक्षिण कश्मीर में जिला शोपियां का रहने वाला है।

गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने उसे दिल्ली की पटियाला कोर्ट में पेश किया है। उसे 26 दिसंबर तक रिमांड पर भेजा है। इसके साथ ही एनआईए ने दिल्ली धमाका मामले



में नौवीं गिरफ्तारी की है। एनआईए की जांच से पता चला है कि यासिर अहमद डार इस आतंकी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था। उसने वफादारी की शपथ ली थी और आत्मघाती (फिदायीन) हमले को अंजाम देने की कसम खाई थी। जांच एजेंसी के अनुसार, यासिर अन्य आरोपियों के साथ घनिष्ठ संपर्क में था, जिनमें धमाके को अंजाम देने वाला मृतक आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर उन नबी और मुफ्ती इरफान शामिल हैं।

बता दें कि 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 22 से अधिक लोग घायल हुए थे। इससे पहले दिल्ली धमाका मामले में एनआईए ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक और आतंकी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से गिरफ्तार किया है। वह आठवां आतंकी था।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-6/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण धनेश कंसारी आ.स्व. लक्ष्मण साव, उम्र 35 वर्ष शिवप्रसाद कंसारी आ.स्व. लक्ष्मण साव, उम्र 30 वर्ष, सभी निवासी ग्राम केदारपुर, अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा तदाशय का आवेदन प्रस्तुव किया गया है. कि आवेदकगण के पिता लक्ष्मण साव के सयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट नं. 143, 144, 145, 152/1 रकबा क्रमशः 0.19 0 05, 0.03, 0.05 एकड़ भूमि स्थित है। आवेदकगण के पिता लक्ष्मण साथ आ.स्व. बांछासाव की मृत्यु दिनांक 10/02/2025 को हो गयी है। अतः भूधारक लक्ष्मण साव की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदकगण द्वारा फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से अपने पिता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अधवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाक 07/01 / 2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अर्पत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/12/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र......./अ-20(1)/24-25**
**-: ईश्तहार:-**
**आगामी तिथि 16/01/2026**

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता / संस्था / विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदकगण रामस्वरूप गुप्ता आ. स्व. बनारसी दास गुप्ता व अन्य 7 सभी निवासी मेन रोड सूरजपुर थाना व तहसील सूरजपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदकगण की संयुक्त स्वामित्व की नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 1918/4, 1909/4, 1918/12 रकबा क्रमशः 3500 वर्गफुट, 3960 वर्गफुट, 21780 वर्गफुट भूमि का लीज अवधी 31.03.1966 को समाप्त होने से लीज नवीनीकरण कराये जाने हेतु अनुरोध मा. न्यायालय अपर कलेक्टर सूरजपुर के समक्ष किया गया है। जो अग्रिम कार्यवाही हेतु एतद् न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 16/01 /2026 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202512020700067/**

विषयः- अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2025-2026
अंबिकापुर प.ह.न. 00015 [5003/1(0.0280हे0)]

पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार सत्यप्रकाश मिश्रा,

अनावेदक पक्षकार -बालचंद, श्रीमती, सुमित्रा, हिरामनी बेवा, संगीता, नीरज, आंचल, हनी सुरेन्द्र, नरेन्द्र, बिरेन्द्र, सूर्या, अम्बे प्रसाद, संजय प्रसाद, विमलावती,

**ईश्तहार**

आवेदक सत्यप्रकाश मिश्रा आ०ओ०पी० मिश्रा निवासी ग्राम नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 5003/1 मेसे रकबा 0.028 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 16/04/2014 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/01/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/12/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील- अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०./अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूजा अग्रवाल पत्नी अमित अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी इमलीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०म०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 151/198 रकबा 0.020 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/01/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा ने जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा), अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०./अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंजू अग्रवाल पत्नी संतोष अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी कुंडला सिटी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 4410/12 रकबा 0.016 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/01/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा). अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्योति अग्रवाल पत्नी आशीष अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी इमलीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 151/233 रकबा 0.020 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/01/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा). अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०.../अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता अग्रवाल पत्नी जय प्रकाश अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी इमलीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 151/212 रकबा 0.020 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/01/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा). अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202512020700053/**

विषयः- अ-27
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्नः- 2025-2026
हर्राटिकरा (प ह न. 00024),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार अनिल मानिकपुरी, राजेश कुमार, सतुन्दरदास पवनकुम सावनबाइ,

अनावेदक पक्षकार - अनिल मानिकपुरी, राजेश कुमार, सतुन्दरदास पवनकुम सावनबाइ

**ईश्तहार**

आवेदक अनिल मानिकपुरी आ० स्व० शिवप्रसाद मानिकपुरी, निदासी हर्राटिकरा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम हर्राटिकरा स्थित खसरा नंबर 22/2, 29/3 रकबा क्रमशः 0.405, 0.380 हे० भूमि को उभयपक्ष के मध्य में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/01/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने नहीं किया जायेगा। अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/12/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

# छत्तीसगढ़ सरकार बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलकर सभी समाज के हित में कर रही है कार्य - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज दुर्ग जिले के भिलाई सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन में आयोजित परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती एवं गुरु पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सतनाम भवन में बाबा गुरु घासीदास जी की गुरु-गद्दी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस गरिमामय आयोजन में प्रदेश के तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, कौशल विकास तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक डोमन लाल कोसेर्वाड़ा तथा विधायक रिकेश सेन विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि 18वीं सदी में जब समाज में छुआछूत, भेदभाव और असमानता चरम पर थी, उस समय बाबा गुरु घासीदास जी ने मनखे-मनखे एक समानह्न का महान संदेश देकर मानवता को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बाबा गुरु घासीदास जी के इन्हीं आदर्शों और शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए सभी समाज वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न के संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, श्रीरामलला दर्शन योजना तथा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी जैसी योजनाओं का सीधा लाभ किसानों और आम नागरिकों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के समग्र विकास के उद्देश्य से अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है, जिसमें अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसेर्वाड़ा को प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। समाज के विकास के लिए प्राधिकरण के माध्यम से 75 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। साथ ही समाज के बेटा-बेटियों को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने हेतु सरकार



द्वारा 15 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए जिला मुख्यालयों में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों तक पहुँच सकें। उन्होंने समाज में फैल रही नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके विरुद्ध कठोर कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा नई उद्योग नीति लागू की गई है, जिसके माध्यम से युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस उद्योग नीति के अंतर्गत अब तक लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने समाज से शिक्षा को बढ़ावा देने, समानता, सद्भाव और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने गुरु घासीदास सेवा समिति की मांगों का उल्लेख करते हुए सतनाम भवन सेक्टर-06 भिलाई में डोम निर्माण के लिए 50 लाख रुपये तथा प्रति वर्ष बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम के आयोजन हेतु 10 लाख रुपये की स्वीकृति देने की घोषणा की। प्रदेश के तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि बाबा गुरु घासीदास जी के मनखे-मनखे एक समानह्न के संदेश को पूर्ण भाव से जीवन में उतार लिया जाए, तो समाज की सभी बुराइयों का स्वतः अंत हो जाएगा। उन्होंने सतनाम मार्ग पर चलने वालों से खान-पान और आचरण को शुद्ध रखने का आह्वान किया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग और संदेशों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक श्री डोमन लाल कोसेर्वाड़ा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे, गुरु घासीदास सेवा समिति के अध्यक्ष भरत लाल कुर्रे, उपाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला भास्कर एवं समिति के अन्य पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री श्री साय से साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक ईश्वर साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू सहित साहू समाज के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, गिरजा साहू, नारद साहू, नन्द लाल साहू, चंद्रभूषण साहू सहित साहू समाज के नवनिर्वाचित राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास बाबा ने समाज को समानता, सद्भाव और मानवता का दिया संदेशः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। गुरु घासीदास बाबा ने समाज को समानता, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बाबा के विचार आज भी सामाजिक एकता, भाईचारे और समरसता को सुदृढ़ करते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुंगेली जिले के खैरा-सेतगंगा धाम में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने जैतखंभ में विधिवत पूजा-अर्चना कर पालो चढ़ाया तथा गुरुगद्दी एवं राम जानकी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सेतगंगा धाम के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये, राम जानकी मंदिर पर्यटन क्षेत्र विकास के लिए 50 लाख रुपये तथा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम आयोजन के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक सर्वश्री पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, सुशांत



शुक्ला, डोमन लाल कोरसेवाड़ा तथा श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने एवं छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, सुरक्षा और विकास के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरंतर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है और किसानों के धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से राशि प्रदान की जा रही है। प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा नक्सलवाद उन्मूलन की दिशा में भी ठोस और प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सेतगंगा धाम के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने भी गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समाज के हित में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने गुरु घासीदास बाबा के जीवन, विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सतनाम पंथ के अनुयायी उपस्थित थे।

# मनखे-मनखे एक समान की भावना को साकार करता मेगा हेल्थ कैम्प : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने परम्पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर में मानव सेवा, सामाजिक समरसता और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित 5 दिवसीय निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प 2025 का भव्य शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए अमन, चैन और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह 5 दिवसीय निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प हजारों लोगों के लिए स्वास्थ्य संजीवनी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपने गठन के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इन 25



वर्षों में स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित कर रही है। वहीं राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु 25 लाख तक की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हेल्थ इज वेल्थह्न केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन को बचाने और संवारने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने विधायक श्री राजेश मूणत एवं उनकी पूरी टीम को इस विशाल आयोजन के लिए बधाई दी और कैम्प परिसर में विभिन्न जांच स्टालों का अवलोकन भी किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन मात्र एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय करुणा की सशक्त अभिव्यक्ति है। बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा और समानताह्न के संदेश से प्रेरित यह महाअभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने का अनुकरणीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि 100 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों की सहभागिता से यह कैम्प केवल प्राथमिक जांच तक सीमित नहीं, बल्कि अंतिम निदान एवं उपचार तक का समग्र समाधान प्रदान कर रहा है।

## मुख्यमंत्री श्री साय से मास्टर एथलीट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिभागियों ने की सौजन्य भेंट

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस छत्तीसगढ़ विधानसभा के कार्यालय कक्ष में मास्टर एथलीट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिभागियों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। मास्टर एथलीट फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 5 से 9 नवम्बर तक चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के भिलाई, बिलासपुर, महासमुंद और बस्तर से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न स्पधाओं में जीत हासिल की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और लगन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बड़ी सौगातः जशपुर की 4 प्रमुख सड़कों के लिए 12.69 करोड़ रू. मंजूर, क्षेत्रवासियों ने जताया आभार




छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के सर्वांगीण विकास को नई गति देने के लिए जिले की चार प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए कुल 12 करोड़ 69 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से ग्रामीण-शहरी संपर्क मजबूत होगा, आवागमन आसान बनेगा और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा। जशपुरवासियों ने मुख्यमंत्री के इस जनहितकारी फैसले पर उत्साह व्यक्त करते हुए श्री साय के प्रति गहरा आभार जताया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा स्वीकृत सड़क परियोजनाओं में 3 किमी लंबी कंडोरा से आराकोना पहुंच मार्ग के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपये, 3 किमी लंबी माडो से ढेंगनी पहुंच मार्ग के लिए 3 करोड़ 77 लाख रुपये, 1.9 किमी लंबी चराईडांड के मलेरिया बस्ती से एनएच-43 तक पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपये तथा 2.86 किमी लंबी बेहराखार अटल चौक से कुरूमढ़ोड़ा तक पहुंच मार्ग के लिए 3 करोड़ 76 लाख रुपये शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में यातायात सुगम होगा, जिससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी।

### दो वर्षों में 1000 करोड़ से अधिक की सड़क सौगात, ग्रामीण तस्वीर बदली

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में जशपुर जिले को सड़क निर्माण के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की है। इससे न केवल बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ है, बल्कि ग्रामीण अंचलों की समग्र विकास की गति तेज हो गई है। राज्य शासन की इस विकासोन्मुखी नीति से जशपुर जैसे आदिवासी बहुल जिलों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जो छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस सौगात पर जशपुर के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। लोगों का मानना है कि इन सड़कों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि क्षेत्र की पर्यटन क्षमता भी मजबूत होगी। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल राज्य के हर कोने तक विकास पहुंचाने के संकल्प को साकार कर रही है। विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बुनियादी विकास के नए मानक गढ़ रहा है।

# बाबा के बताए मार्ग पर चलकर ही बनेगा विकसित छत्तीसगढ़ - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। बाबा गुरु घासीदास द्वारा बताए गए सत्य, समानता और मानवता के मार्ग पर चलकर ही छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महापुरुषों के आदर्शों और सपनों के अनुरूप समतामूलक, न्यायपूर्ण और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुंगेली जिले के लालपुर में आयोजित गुरु घासीदास जयंती एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर लालपुर में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, मेला एवं कार्यक्रम




आयोजन हेतु दी जाने वाली राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने, कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 25 लाख रुपये तथा मुंगेली सतनाम भवन के जीर्णोद्धार हेतु 25 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री साय ने बाबा गुरु घासीदास मंदिर एवं जैतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक पात्र किसान से धान खरीदी के लिए पूर्णतः संकल्पित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते दो वर्षों में धान के रकबे और किसानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है। पीएसी चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नई औद्योगिक नीति लागू की गई है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग का बेटा-बेटी उद्यमी बन सके। उन्होंने सभी के सहयोग से विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का आह्वान किया। इस अवसर पर सतनाम आचार संहिता एवं जागरूकता कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अनुसूचित जाति प्राधिकरण को सशक्त करते हुए इसके बजट को 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 75 करोड़ रुपये किया गया है। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में सर्व समाज का समावेशी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित समाज के पांच प्रतिभावान बेटा-बेटियों को पायलट प्रशिक्षण हेतु 15-15 लाख रुपये की सहायता देने का निर्णय सरकार की दूरदर्शिता को दशार्ता है। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, उपाध्यक्ष श्रीमती शांति देवचरण भास्कर, जनपद अध्यक्ष लोरमी श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुजीत वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सतनामी समाज के अनुयायी उपस्थित थे।

# नेशनल हेराल्ड मामला, कांग्रेस ने हल्ला बोल आंदोलन के तहत किया भाजपा कार्यालय का घेराव

## पुलिस से कांग्रेसियों की हुई जमकर झूमाझटकी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नेशनल हेराल्ड मामले में केंद्र सरकार के द्वारा ईडी के माध्यम से कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कार्रवाई की गई है। एफआईआर को न्यायालय के द्वारा निरस्त कर दिए जाने तथा न्यायालय के द्वारा यह टिप्पणी देने की यह ईडी के कार्य क्षेत्र से बाहर का मामला है।इस मामले को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के द्वारा सत्यमेव जयते का नारा देते हुए भाजपा कार्यालय का घेराव किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर यहाँ जिला भाजपा कार्यालय का घेराव करने के लिए हल्ला बोल आंदोलन जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में किया गया।

कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, पूर्व विधायक व पार्टी के पदाधिकारी की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया और पुलिस से जमकर झूमाझटकी हुई। कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ प्रहार किया।कांग्रेस



नेताओं व पूर्व विधायक व पार्टी के पदाधिकारी ने केंद्र की मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को लेकर केंद्र की सरकार विपक्ष को खत्म करना चाहती है। लेकिन न्यायालय ने उनके मनसुखों पर पानी फेर दिया है और यह सत्य की जीत है। इसके पूर्व स्थानीय बायपास चौक के पास बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेसी नेताओं ने रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय की और कुच किया जहां बड़ी तादाद में प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल उपस्थित रहे। पांच लेयर की सुरक्षा व्यवस्था को भेदकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बैरिकेटिंग तोड़ते हुए अंदर घुसकर कांग्रेस का झंडा हाथ मे लेकर सत्यमेव जयते का बैनर लहराते हुए अपना विरोध प्रकट किया। पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच काफी देर तक चली झूमझटकी और हुज्जत बाजी के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रकट कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व विधायक पारस नाथ राजवाड़े, इस्माइल खान, जी एस मिश्रा, विद्यासागर सिंह, संजय डोसी, सुनील अग्रवाल, मेहदी यादव, अनिल गुप्ता, नवीन जायसवाल, संजू श्रीवास्तव, विमलेश तिवारी, मुकेश अग्रवाल, प्रदीप राजवाड़े, जगत आयाम, गोरखनाथ पाठक, परमेश्वर राजवाड़े, विक्की सम्मददार, प्रवेश गोयल, विकास सिंह, आशीष यादव, प्रिंस श्रीवास्तव, आंनद कुँवर, हेमलता राजवाड़े, योगेश्वरी राजवाड़े, भावना सिंह, बिहारी कुलदीप, दिव्या तांजे, इम्तियाज जफर, राम लखन सिंह, मड़नेश्वर साहू, प्रदीप साहू, संदीप शर्मा, राजपाल कसेरा, गिरधारी साहू, वेद मिश्रा, जमील सिद्दकी, पवन साहू, सैय्यद आमिल, बाबुलाल राजवाड़े, लिवनेस सिंह, कौनैन अंसारी, शान्तु डोसी, शक्ति ठाकुर, विनय मिश्रा, पारस राजवाड़े, राहुल साहू, विनय सिंह, सलीम चिश्ती, किसुन राम, मेदनी सिंह, विमल सिंह, राजू गुप्ता, वीर सिंह, देश दीपक दिवान, तोषण चौबे, संतोष पावले, बबलू यादव, सुनील सारथी, विकास गुप्ता,गीता सिंह, परमेश्वर सिंह, भूपेंद्र सिंह, देव सिंह,बाल कृष्ण राजवाड़े आदि उपस्थित रहे।

# फेडरेशन की संभागीय बैठक में 29 से 31 दिसंबर के हड़ताल की बनी रणनीति

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सरगुजा संभाग की संभागीय बैठक शनिवार, दिनांक 13 दिसंबर को जिले में जिला चिकित्सालय के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कर्मचारियों से जुड़ी लंबित मांगों, विशेषकर विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान घोषित मोदी की गारंटी को लागू कराने को लेकर आगामी आंदोलन की रणनीति तय करना रहा।

बैठक में विशिष्ट रूप से लिपिक संघ प्रांताध्यक्ष संजय सिंह, प्रदेश लिपिक संघ प्रांताध्यक्ष रोहित तिवारी, स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ प्रांताध्यक्ष पंकज पांडेय, प्रधान पाठक संघ प्रांताध्यक्ष मनोज कुमार साहू, संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष वर्मा, जिला संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन डॉ आर एस सिंह, श्रीमती प्रतिमा सिंह तथा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के विभिन्न विभागों एवं संगठनों के पदाधिकारी व कर्मचारी नेता



उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों के हित में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों से किए गए प्रमुख वादों को अब तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। इसी के चलते फेडरेशन द्वारा 29, 30 एवं 31 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित तीन दिवसीय निश्चित कालीन काम बंद-कलम बंद हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। सभा में उपस्थित फेडरेशन से संबद्ध समस्त कर्मचारी नेताओं ने एकमत होकर हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया और सभी कर्मचारियों से इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। नेताओं ने कहा कि जब तक कर्मचारियों की जायज मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

उक्त आशय की जानकारी छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सूरजपुर के जिला महा सचिव इकबाल अंसारी द्वारा दी गई।

## तेज आवाज मे बज रहे डीजे पर हुई कार्रवाई

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां के मंगल भवन मे विगत रात्रि के समय में निर्धारित समय के उपरांत तथा तीव्र गति से बज रहे डीजे पर राजस्व व पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्यवाही की। सूचना प्राप्त होने पर तहसीलदार सूर्यकांत साय पुलिस अमले के साथ स्थल पहुंचे और उन्होने डीजे के जब्ती की कार्यवाही करते हुए डीजे वाहन को





कोतवाली थाने में के सुपुर्द किया। जिस पर कोलाहल अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

इसके साथ ही प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि डीजे का संचालन तय मानक व समयावधि के अनुरूप किया जाये।

## मालगाड़ी से चावल चोरी 2 धराये, 10 हजार का चावल जप्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मालगाड़ी से चावल चोरी मामले में बसदेई पुलिस ने 2 लोगों से 10 हजार रूपये का चावल जप्त किया है। बताया गया है कि गुरुवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम झांसी का दमोदर राव एवं उंचडीह के दिनेश विश्वकर्मा दोनों अवैध रूप से रेलवे विभाग के मालगाड़ी से चावल चोरी कर बिक्री करने हेतु उंचडीह रेलवे फाटक के पास ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर दमोदर राव 28 वर्ष ग्राम झांसी एवं दिनेश विश्वकर्मा 28 उंचडीह को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि रेलवे विभाग के मालगाड़ी से चावल चोरी कर बिक्री करने हेतु लेकर आना बताया जिनके कब्जे से 4 क्विंटल चावल कीमत करीब 10 हजार रूपये का जप्त कर दोनों के विरूद्ध धारा 35(1-घ)/303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। इस



कार्यवाही में चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

# नदी किनारे जुआ खेल रहे दो जुआरी पकडाय, नगदी सहित 4 बाईक जप्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** गुरुवार को बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम गंगोटी शिवपुर नदी के किनारे जुआ खेल रहे दो लोगो को पकड़ा है। बताया गया है कि सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर दिनेश साहू उम्र 25 वर्ष व रामचरण सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गंगोटी को



जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा, कुछ जुआड़ी पुलिस की आहट पाते ही भाग निकले। पुलिस ने जुआड़ियों व जुआ फड से 11 सौ रूपये नगदी एवं मौके से 2 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 4 मोटर सायकल जप्त किया है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# डीफ खातों से 71.41 लाख रुपये का निपटान, खाता धारकों को मिली जमा राशि

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** भारत सरकार के निर्देशानुसार ''आपकी पूँजी आपका अधिकार'' अभियान के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री राजेन्द्र के मार्गदर्शन एवं जिला अग्रणी बैंक श्री अंकित शर्मा एवं जिला कोषालय अधिकारी डी.पी. सोनी के नेतृत्व में एक विशेष निपटान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिले के अंतर्गत निष्क्रिय बैंक खातों को फिर से सक्रिय कर खाताधारकों एवं नामिनों को उनकी जमा राशि दिलाई गई। शिविर में कुल 71 लाख 48 हजार रुपये की राशि का निपटान किया गया।

इस दौरान कलेक्टर श्री कटारा ने शिविर में 2 नॉमिनी को प्रमाण पत्र दिया गया। जिसके अंतर्गत श्रीमती रतनी बाई को उनके पति के देहांत के बाद जानकारी के अभाव में उनका बैंक खाता डीफ में चला गया था। शाखा



प्रबंधक के द्वारा रतनी बाई से संपर्क कर उनको 2 लाख 4 हजार 177 रुपये जमा राशि उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार श्रीमती सुदयाश्री एक्का जिनका खाता सेन्ट्रल बैंक खाता डीफ में चला गया था, जिसमें 1 लाख 58 हजार 892 रुपये जमा थी उन्हें प्रमाण पत्र देकर उक्त राशि उपलब्ध कराई गई। इस दौरान कलेक्टर श्री कटारा ने आगामी शिविरों में सरकारी खातों के सक्रियता पर जोर दिया।

अग्रणी बैंक अधिकारी श्री अंकित शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आगे भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे और सरकारी खातों को सक्रिय करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## चोरी के 2 टन कोयला सहित एक पुलिस ने पकड़ा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बसदेई पुलिस ने चोरी के 2 टन कोयला सहित एक युवक को पकड़ा है। बताया गया है कि गुरुवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम कुसमुसी खालपारा के मनोज साहू अपने घर में अवैध पत्थर कोयला चोरी का रखा है।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसके घर से 2 टन पत्थर कोयला कीमत करीब 10 हजार रूपये का पाया गया जो चोरी का होने की पूर्ण अंदेशा पर जप्त कर मनोज साहू के विरूद्ध धारा 35(1-घ)/303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उक्त कोयला भास्करपारा ओपन कास्ट माईन्स से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु लेकर आना बताया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

# नवनियुक्त भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव के प्रथम शहर आगमन पर कार्यकर्ताओ ने किया शानदार स्वागत

## जिले की सीमा तारा से लेकर सूरजपुर तक कार्यकर्ताओ ने निकाली भव्य स्वागत रैली

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा हाल ही में प्रदेश कार्यकारिणी समेत जिला अध्यक्षों की जारी सूची में शहर के युवा नेता देव गुप्ता को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है। देव के जिलाध्यक्ष बनने के बाद शहर सहित जिले के युवाओं में खासा उत्साह है। गुरुवार को देव गुप्ता के रायपुर से सूरजपुर आगमन पर जिले के तारा सीमा पर बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से भव्य व आतिशी स्वागत किया।

इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश साहू एवं नव नियुक्त जिला महामंत्री रूपेंद्र कुशवाहा का भी कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में प्रेमनगर, रामानुजनगर, सूरजपुर समेत अन्य मंडल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। जिनके द्वारा भव्य रैली के माध्यम से तारा से प्रेमनगर, श्रीनगर होते हुए सूरजपुर में श्री गुप्ता के निवास पहुंचे जहां तिलक लगा पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ युवाओं ने



भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए जश्न मनाया। इस एतिहासिक रैली में युवाओं में जमकर उत्साह देखने को मिला।भाजयुमो कार्यकर्ताओं की इस स्वागत रैली का समापन सूरजपुर के माता कर्मा चौक में किया गया। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के इस ओजपूर्ण स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि सूरजपुर में भाजयुमो अपनी अलग पहचान के साथ उजागर होगा जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर संगठन की नीतियों के लिए कार्य करते हुए युवा उत्थान की दिशा में वे कार्य करेंगे। ज्ञात हो कि देव गुप्ता लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे वर्ष 2020 से अब तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। उनके कार्यकाल के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिली तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ी। देव वर्ष 2012 से 2016 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा, सूरजपुर शहर मंडल में प्रचार-प्रसार मंत्री के रूप में दायित्व निभाया। इसके पश्चात वर्ष 2016 से 2020 तक वे मोर्चा के सूरजपुर शहर मंडल अध्यक्ष रहे। इन दायित्वों के दौरान उन्होंने संगठन विस्तार एवं युवाओं को जोड़ने का कार्य किया। उनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा जिले में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा।


## कार्यालय गेम रेंजर सेमरसोत अभ्यारण्य कोदौरा

## प्रेस विज्ञप्ती

एदत् द्वारा वाहन स्वामी को सूचित किया जाता है, कि बोलेरो वाहन क्रमांक JH 03 B 8745 इंजन नम्बर GA64D27507 चेचिस नम्बर MA1XA2GAK62D28166 को 18 नग साल प्रजाति के चिरान चौखट मय बोलेरो वाहन थाना पस्ता के ईशतगासा. क्रमांक/02/2023/ धारा 41 (1-4) जा. फौ./379 भादवि पंजीबद्ध कर जॉच विवेचना किया गया बोलेरो वाहन क्रमांक क्रमांक JH 03 B 8745 स्वामी की जानकारी परिवहन विभाग डालटेनगंज से जानकारी निकलवाया पर उक्त वाहन क्रमांक JH 03 B 8745 श्रीमती आनंदी देवी पति अनंद कुमार शर्मा निवासी बाराटोला थाना डालटेनगंज जिला पलामु (झारखण्ड) होना पाया गया है। थाना प्रभारी थाना पस्ता के पत्र क्रमांक 1112 दिनांक 06/08/2024 के द्वारा उक्त वाहन क्रमांक JH 03 B 8745 को गेम रेंज कोदौरा को सुपुर्द में प्राप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 19713/08 दिनांक 09/08/2024 पंजीबद्ध किया गया है विवेचना अधिकारी के द्वारा वाहन स्वामी का दिये गये पता स्थल पर जाकर पता किया गया किन्तु वाहन स्वामी का कोई पता नहीं चला। अतः विज्ञप्ती दिनांक से 10 दिवस के अन्दर बोलेरो वाहन क्रमांक JH 03 B 8745 के स्वामी नाम, पता, वाहन के पंजीयन प्रमाण-पत्र व अन्य दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराना सुनिश्चित करें, उक्त अवधि तक उपस्थित नहीं होने पर वाहन क्रमांक JH 03 B 8745 को एक तरफा राजसात की कार्यवाही की जावेगी।

**गेम रेंजर**
**सेमरसोत अभ्यारण्य**
**कोदौरा**



न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202506020700179

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन् :- 2024-2025

रनपुरकला प.ह.न. 00029 (हे0) ,
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार दिलभरन दास,
अनावेदक पक्षकार - धनेश्वरी

## ईश्तहार

आवेदक दिलभरन दास आ० बालम दास, निवासी ग्राम रनपुरकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम रनपुरकला स्थित खसरा नंबर 585/4 रकबा 1.416 हे० भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश अनावेदिका धनेश्वरी पिता ओनवरी का नाम दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों से अनावेदिका का नाम विलोपित करते हुए अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/12/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/12/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील अम्बिकापुर


# जिले में स्वरोजगार हेतु ऋण वितरण में समूहों को दें प्राथमिकता : जयवर्धन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में विकासोन्मुख वित्तीय गतिविधियों को तेज़ गति देने और बैंकों तथा सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से डीएलसीसी, डीएलआरसी की तिमाही बैठक

## डीएलसीसी और डीएलआरसी की हुई बैठक

शुक्रवार को यहां जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले ,आरबीआई एजीएम सतेंद्र राठौर, डीडीएम अनुपम तिवारी, एडीएम आनंद प्रकाश मिंज विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत गत जिला स्तरीय बैठक की कार्यवृत्त से हुई जिस पर एलडीएम आनंद मिंज द्वारा प्रकाश डाला गया। जिसके पश्चात वित्तीय समावेशन और जिला स्तरीय विकास योजनाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जमा अग्रिम व ऋण जमा अनुपात, वार्षिक साख योजना, वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति, स्वयं सहायता समूह को नगद ऋण सीमा की प्रगति, स्वयं सहायता समूह को प्रदाय मुद्रा ऋण की प्रगति, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति पर, पशुपालन और मत्स्यपालन हेतु क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति, व्यक्तिगत, समूह व बैंक लिनकेज प्रगति, अंत्योदय



स्वरोजगार योजना की प्रगति, प्रधान मंत्री सूर्यघर योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना की प्रगति, प्रधान मंत्री जनधन योजना की प्रगति पर क्रमवार चर्चा की गई। इसके साथ ही डिजीटल पेमेंट को बढ़ावा देने की बात भी कही गई।कलेक्टर ने बैठक में बैंकर्स को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी प्रायोजित योजनाओं के सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करें ताकि जिले के अधिक से अधिक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

कलेक्टर ने मुद्रा लोन को लेकर वृहद चर्चा की, उन्होंने स्पष्ट किया कि मुद्रा लोन को प्राथमिकता दे और स्व सहायता समूह व अन्य को उद्यम और स्वरोजगार से जोड़ें। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि जिले में कृषि, लघु उद्योग, स्व-सहायता समूहों और स्वरोजगार योजनाओं के लिए ऋण वितरण को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय गतिविधियों में गति आये, इसे सभी केंद्र बिंदु पर रखे, बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाती है। बैठक के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि बैंक शाखाएं ग्राम स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम बढ़ाएं, निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की दिशा में अभियान चलाएं और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देकर वित्तीय समावेशन को मजबूत करें।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

# सरगुजा फ्रंटलाइन

## छात्र जीवन में संघर्ष और चुनौतियों से घबराएं नहीं, उनका सामना करें-देवांगन

### संत गहिरा गुरु विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं रोजगार के संभावनाएं पर हुई कार्यशाला



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागृह में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं रोजगार के संभावनाएं, छत्तीसगढ़ विशेष के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन डॉ. संतोष कुमार देवांगन रहे, अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेंद्र लाकपाले ने की। विशिष्ट अतिथि सरगुजा क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा डॉ. रिजवान उल्ला एवं कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी मंच पर उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने प्रस्तावना उद्बोधन में अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने विश्वविद्यालय के नवीन परिसर विद्यापुरम ग्राम भकुरा का निरीक्षण एवं शैक्षिक भ्रमण किया। शासन के द्वारा केंद्रीय प्रयोगशाला हेतु आबंटित राशि की मांग उन्होंने आयुक्त से की। उन्होंने कहा पूर्ण राशि नवीन निर्माण कार्य के मद में प्रदान की जाए, साथ ही रुसा मद से कार्य उपकरण का उपयोग केंद्रीय प्रयोगशाला हेतु किया जाएगा। इसके पश्चात सरगुजा संभाग के क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. रिजवान उल्ला ने आयुक्त को पूरे महाविद्यालय प्रबंधन और परिवार की ओर से आशस्वत किया कि उनके निर्देशन में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरगुजा संभाग पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर प्रयास करेगा। मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग की गुणवत्ता और छात्र-छात्राओं तथा विश्वविद्यालय से संबंधित सभी महाविद्यालय में पाठ्यक्रम के सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने छात्रों की पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं, कौशल से युक्त पाठ्यक्रमों को 3 महीने, 6 महीने एवं 1 वर्ष के पाठ्यक्रम के माध्यम से संचालित कर रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम का चयन करें। जीवन यापिका के लिए बच्चों को न सिर्फ डिग्री दिया जाए बल्कि उन्हें शिक्षा ऐसा दी जाए कि जब वे महाविद्यालय से पढ़कर निकलें तो समाज और राष्ट्र के लिए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए आजीविका आसानी से चला सकें। महाविद्यालय में प्रायोगिक कार्य हेतु मशीनरी इक्विपमेंट और उपकरण शासन की तरफ से पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा छात्र जीवन में हमेशा संघर्ष और चुनौतियों से घबराना नहीं बल्कि उनका सामना करना है और सफलता की ओर निरंतर प्रयासरत रहना है। अपने जीवन से संबंधित सभी संघर्षों को छात्रों के साथ चर्चा में उन्होंने साझा किया, साथ ही कहानियों के माध्यम से भी जीवन में किस प्रकार आलोचना से बचा जा सके इस विषय पर सभी का मार्गदर्शन किया। अंत में असीम केरकेट्टा, सहायक प्राध्यापक बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के उपरांत कार्यशाला समापन की घोषणा हुई। कार्यशाला में विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं नेप के नोडल अधिकारी के साथ विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्राध्यापक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

#### कुलपति ने छात्रहित में रखा यह प्रस्ताव

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति ने आयुक्त के समक्ष प्रस्ताव रखा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रमों में 20 प्रतिशत संशोधन करने का अधिकार विश्वविद्यालय को प्रदान किया जाए, जिससे पाठ्यक्रम को नवाचार एवं रोजगार उन्मूलक रूप से छात्रों हेतु तैयार किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि विश्वविद्यालय शिक्षक विभाग अंतर्गत रूरल टेक्नोलॉजी विभाग की स्थापना का प्रस्ताव भी शासन की ओर प्रेषित किय.ा गया है, इस विभाग के अंतर्गत 40 ट्रेड के अंदर छोटे-छोटे सर्टिफिकेट कोर्स और रोजगार उन्मूलक पाठ्यक्रम की संरचना की गई है, जिससे छात्रों को स्वरोजगार एवं रोजगार उन्मूलक अवसर सरगुजा में ही प्राप्त होना संभव हो सकेगा।

## बिजली विभाग के लाइनमैन से गाली-गलौज, आक्रोशित हुए कर्मचारियों ने किया काम ठप

### कनिष्ठ अभियंता ने पुलिस से की लिखित शिकायत, घटना का वीडियो भी वायरल हुआ






**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के पुलिस चौकी रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम असकला में शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन करने के दौरान बिजली विभाग के लाइनमैन के साथ गाली-गलौज और मारपीट से माहौल गरमा गया। विभागीय कर्मचारियों ने काम बंद करके घटना के प्रति आक्रोश जताया। कनिष्ठ अभियंता विद्युत वितरण केंद्र लमगांव ने लिखित में घटना की जानकारी पुलिस को दी है। वहीं उभय पक्ष के लोग लाइनमैन के द्वारा गांव के लोगों को अनावश्यक परेशान करने से आए दिन विवाद की स्थिति बनने का आरोप लगा रहे हैं, हालांकि यह कितना पुष्ट है यह तो जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति कुछ लोगों के साथ गाली-गलौज करते स्पष्ट नजर आ रहा है, जो बिजली विभाग के कर्मचारी हैं। घटना से गहमागहमी की स्थिति बनी हुई है। विद्युत वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता ने रघुनाथपुर पुलिस चौकी में लिखित में जानकारी दी है कि 18 दिसंबर को विभाग के सहायक लाइनमैन गौतम पैकरा, जो अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते हैं, सहित अन्य स्टाफ ग्राम असकला में शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। इसी दौरान रवि शंकर यादव एवं उनके साथियों द्वारा पूर्व में किए गए लाइन डिस्कनेक्शन के कार्य को लेकर उनके कर्मचारियों के साथ गालीगलौज करते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और मारपीट की गई। इनका यह कृत्य शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए शासकीय कर्मचारी के साथ मारपीट, अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी के प्रति अत्याचार निवारण अधिनियम जैसे गंभीर अपराधों के अंतर्गत आता है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है, ताकि शासकीय कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए। घटना को लेकर बिजली विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश है, और वे किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं होने पर बड़ा कदम उठा सकते हैं। घटनाक्रम से जिला व पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता के द्वारा की गई लिखित शिकायत के बाद रवि शंकर यादव व अन्य ग्रामीणों के थाना पहुंचने की बातें सामने आ रही है।

## मोटरसायकल की ठोकर से घायल की इलाज दौरान मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जशपुर जिला के करबला रोड निवासी उमेश राम पिता मुना राम 43 वर्ष को मोटरसायकल का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार कर दिया, इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पुत्री उमा भारती ने पुलिस को बताया है कि 16 दिसम्बर को परिवार के सभी सदस्य घर पर थे, उसके पिता उमेश राम घर से 50 मीटर दूर मुख्य मार्ग की ओर गए थे। शाम करीब 6 बजे मोटरसायकल क्रमांक सीजी 14 बी 1906 का चालक तेज रफ्तार में उनके पिता को ठोकर मार दिया, जिसमें उनका बांया हाथ टूट गया था और सीना सहित शरीर के कई हिस्से में अंदरूनी चोटें आई थी। घायल अवस्था में उमेश राम को जिला अस्पताल जशपुर लेकर स्वजन पहुंचे, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद 17 दिसम्बर को रिफर करने पर शासकीय एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां 18 दिसम्बर की शाम 4 बजे इलाज के दौरान चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है। मामले में पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम किया है।

## दरिमा से 19 दिसम्बर 2024 को शुरू हुई हवाई सेवा एक साल में ही बंद

### फ्लाई बिग की अनियमितता पर पूर्व उपमुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी, सांसद ने बढ़ाई उम्मीद




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा से शुरू हुई हवाई सेवा महज एक साल में बंद हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों में निराशा है। हवाई सेवा 19 दिसंबर 2024 को दरिमा एयरपोर्ट से रायपुर और बिलासपुर के लिए शुरू हुई थी, जिसका शुरुआती किराया मात्र 999 रुपये था। सरगुजा की धरा पर पहला यात्री विमान उक्त तिथि को 12.35 बजे उतरा था, जिसकी सेवा सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को उपलब्ध थी। कुछ महीने बाद ही फ्लाई बिग की सेवाएं अनियमित होने लगीं और धीरे-धीरे बंद हो गईं। 2025 में मानसून के बाद, जून तक यह सेवा पूरी तरह से ठप हो गई। दीपावली के आसपास केवल पांच दिनों तक उड़ानें संचालित हुईं, इसके बाद फिर से सेवाएं बंद कर दी गई। फ्लाई बिग को 29 अक्टूबर तक अपना विंटर शेड्यूल देना था, लेकिन कंपनी ने यह शेड्यूल भी नहीं जमा किया। फ्लाई बिग कंपनी द्वारा संचालित 19-सीटर विमान सेवा की कड़ी आलोचना करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा है कि इस सेवा का बंद होना अच्छा ही हुआ। फ्लाई बिग की विमान सेवा यात्रियों के लिए न तो आरामदायक थी, और न ही इसकी सेवाएं नियमित थी। उन्होंने सरगुजा क्षेत्र की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त की और इस रूट पर बड़े विमानों की आवश्यकता जताई। उन्होंने रायपुर-अंबिकापुर-वाराणसी रूट को व्यवसायिक दृष्टि से बेहतर बताया गया है, जबकि रांची और इलाहाबाद जैसे स्थान विकल्प हो सकते हैं। इधर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही सरगुजा से किसी अन्य एयरलाइन कंपनी के माध्यम से हवाई सेवाएं शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस से दो बार बैठक की गई है, इस मुद्दे पर मंत्री से भी चर्चा हो चुकी है।

## सरगुजा पुलिस ने ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का किया आयोजन

### विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 500 विद्यार्थियों की सहभागिता रही

#### आईजी ने विजेता छात्रों को ट्राफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा विद्यार्थियों में सामाजिक विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अधिकारिक शुरुआत 4 दिसंबर से की गई थी, जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 500 विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

विद्यार्थियों ने साइबर जागरूकता, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभाव तथा यातायात नियमों जैसे विषयों पर आधारित चित्र तैयार किए। इन चित्रों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं आगंतुकों को साइबर सुरक्षा, यातायात नियम एवं नशे के दुष्प्रभाव विषयों पर विचार-विमर्श एवं समझ विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी के दौरान प्रतिभागियों ने न केवल अपने चित्र प्रस्तुत किए, बल्कि अन्य विद्यार्थियों की कलाकृतियों का भी अवलोकन किया, जिससे सीखने एवं संवाद का वातावरण निर्मित हुआ। आयोजित प्रदर्शनी में पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, नगर पुलिस अधीक्षक राहुल बंसल तथा रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए विषयों की जानकारी ली। शिक्षकों एवं आगंतुकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक विषयों पर अपनी सोच व्यक्त करने का अवसर मिला और जागरूकता से संबंधित विषयों पर जानकारी साझा की गई। प्रदर्शनी को एक शैक्षणिक एवं जागरूकता आधारित गतिविधि के रूप में देखा गया।

#### आईजी और एसपी ने बढ़ाया हौसला

पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने जागरूकता पर आधारित आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए भविष्य में अन्य जिलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को सामाजिक विषयों के प्रति उनकी समझ एवं संवेदनशीलता से जोड़ते हुए इसे जन-जागरूकता से संबंधित एक उपयोगी गतिविधि बताया गया। द्वय अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।


#### ट्राफी और प्रमाणपत्र से ये हुए सम्मानित

प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर प्रतिभागियों का चयन किया गया। महाविद्यालय स्तर पर पल्लवी व्यापारी, विशाखा एवं मार्था मिंज, हाई स्कूल स्तर पर अक्षिता डबराल, अनुष्का सिंह एवं राधिका ठाकुर, मिडिल स्कूल स्तर पर स्वाथिल गुप्ता, काव्या केशरी एवं सार्थक गुप्ता चयनित हुए, इन्हें पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा ट्राफी एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।

#### प्रतियोगिता एवं प्रदेर्शनी में ये रहे सहभागी

प्रतियोगिता आयोजन एवं प्रदर्शनी के संचालन में साइबर वॉलंटियर्स की सहभागिता रही। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, समन्वय एवं संचालन अतुल गुप्ता, विक्की गुप्ता, बसंत श्रीवास्तव एवं श्रुति तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता दास एवं उप निरीक्षक अभय तिवारी ने किया। इसके अलावा पी.जी. कॉलेज अंबिकापुर की एनसीसी इकाई तथा गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर की एनएसएस इकाई द्वारा भी आयोजन में सहयोग दिया गया।

## गुरु घासीदास की जयंती पर मेडिकल कॉलेज में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** महान संत एवं समाज सुधारक सत गुरु घासीदास की जयंती पर शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश आर्या, डॉ. रंजना सिंह आर्या, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. परमानंद अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक, स्नातकोत्तर एवं एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एमबीबीएस विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कीर्तन एवं आरती से हुई, इसके पश्चात गुरु घासीदास के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पंथी नृत्य ने गुरु घासीदास के 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को सजीव रूप में प्रस्तुत किया और उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इसके उपरांत डीन डॉ. अविनाश मेश्राम एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश आर्या ने अपने संबोधन में गुरु घासीदास के सत्य, समानता, मानवता एवं सेवा भाव के सिद्धांतों को आज के सामाजिक और चिकित्सा क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक बताया और विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन और पेशे में अपनाने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रंजना सिंह आर्या द्वारा प्रस्तुत किया गया, उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सामाजिक सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम के पश्चात स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम दौरान गुरु घासीदास के आदर्शों, समानता, सेवा और मानवता को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

## एनडीए के प्रशिक्षणार्थी से एसपी और एएसपी ने की मुलाकात



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के प्रशिक्षणार्थी कृतश मिश्रा से मुलाकात की। कृतश सैनिक स्कूल अंबिकापुर से चयनित होकर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़गवासला पुणे में बी-टेक की पढ़ाई कर रहे हैं। एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) प्रथम वर्ष की पढ़ाई एवं प्रशिक्षण पूर्ण करके अंबिकापुर आने पर कृतश मिश्रा से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने मुलाकात की। उन्होंने कृतश मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कृतश पुलिस विभाग में ही प्रभारी साइबर सेल अंबिकापुर सहायक उप निरीक्षक अजीत कुमार मिश्रा के पुत्र हैं, जिन्होंने सैनिक स्कूल अंबिकापुर से हायर सेकेंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण की। एनडीए की परीक्षा में चयनित होने के बाद वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़गवासला पुणे प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण के साथ-साथ एम. टेक की पढ़ाई कर रहे हैं। यहां तीन वर्ष पूर्ण होने पर हैदराबाद में आगे की पढ़ाई करेंगे।

## एक बाइक में जा रहे चार सवारों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट व प्रतिबधात्मक कार्रवाई



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** यातायात नियम विरुद्ध एक मोटरसाइकिल में जा रहे चार सवारों के विरूद्ध थाना मणिपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। नशे में होने से पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत एवं अन्य के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक 19 दिसम्बर, शुक्रवार को थाना मणिपुर पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग किया जा रहा था, इसी दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईए 4287 में चार व्यक्ति बैठकर जा रहे थे। इन्हें रोक कर पुलिस ने मोटासाइकिल चालक का डॉक्टरी परीक्षण कराया जिसमें वाहन चालक नशे में मिला। चालक के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई और मामले को न्यायालय में पेश किया गया है। अन्य के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## गुरुघासीदास जयंती पर भव्य हिन्दू सम्मेलन संपन्न




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर हिन्दू जागरण समिति, गांधीनगर द्वारा भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन देश भर में सभी मंडलों एवं बस्तियों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में बस्ती के सभी समाज प्रमुखों को मंच पर आमंत्रित कर समिति द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक अभयराम रहे। उन्होंने हिन्दू संस्कृति को एक श्रेष्ठ, समृद्ध एवं मानवता तथा विश्व कल्याण के लिए आदर्श विचार, परम्परा बताते हुए कहा कि यह संस्कृति सबके प्रति आत्मीयता, स्नेह और विश्वास का भाव विकसित करती है। उन्होंने पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की अवधारणा को विस्तार से स्पष्ट करते हुए कहा कि बड़े से बड़े परिवर्तन की शुरुआत छोटे-छोटे व्यवहारिक प्रयासों से होती है। उन्होंने समाज से आव्हान किया कि जाति एवं वर्ग की दीवारें खड़ी करने के बजाय राष्ट्र के गौरव के लिए एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। हमारा सामर्थ्य भारत को समृद्ध, सुदृढ़ एवं समर्थ बनाने में लगे, यही जीवन की वास्तविक सार्थकता है। अभयराम ने गुरुघासीदास के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक कुरीतियों को त्यागने तथा बिना किसी भेदभाव के सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 100 आरती थालों से भारत माता की आरती रही, जिससे सम्पूर्ण वातावरण अत्यंत भक्तिमय, भावपूर्ण एवं दर्शनीय बन गया। समिति के उपाध्यक्ष सरस्वती यादव, निशिकांत भगत, विपिन पाण्डेय, निरंजन राय, वीर बहादुर यादव, पूर्णानन्द यादव एवं मिटकूराम उज्ज्वल तिवारी ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। इस अवसर पर शीला पटेल एवं पंडित सोमनाथ शास्त्री ने सारगर्भित एवं प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। मंच पर अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत की भी उपस्थिति रही। शेष ठाकुर की मंडली द्वारा प्रस्तुत सुन्दरकाण्ड एवं भारत माता की आरती ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का सशक्त एवं प्रभावी संचालन यतेन्द्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष के.डी. दुबे, सचिव दिलीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुशवाहा सहित कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर